RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, बुधवार ●17 अप्रैल , 2024 वर्षः-11 अंक - 349 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8



## प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी आज

**● 25 लाख श्रद्धालु आएंगे, 90 फ्लाइट और लगभग 100 ट्रेनें चलेंगी ● स्वर्ण जड़ित पीली-गुलाबी पोशाक पहनेंगे रामलला, होगा सूर्य तिलक**

अयोध्या (एजेंसी)। कल बुधवार को रामनवमी है। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पूजा के लिए करीब ढाई घंटे का एक ही मुहूर्त है, जो सुबह 11.05 बजे से दोपहर 1.35 बजे तक रहेगा। 1992 से रामलला के मुख्य पुजारी रहे सत्येंद्र दास और मौजूदा पुजारी पं. संतोष तिवारी से आसान पूजा विधि लिखवाई। इस विधि के



मुताबिक आप घर में ही श्रीराम की पूजा कर सकते हैं। दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य तिलक होगा। श्रद्धालुओं को सुगम रास्तों से लाने से लेकर लोकल कन्वेंस और पार्किंग की पूरी तैयारियां की गई हैं। 16, 17, 18 अप्रैल इन तीन दिनों में अयोध्या में 90 फ्लाइट उतरेंगी, 100 ट्रेनें पहुंचेंगी और 500 बसें लगाई गई हैं। शहर को सुरक्षा के लिहाज से 7 जोन और 39 सेक्टर में बांटा गया है। रामनवमी पर अयोध्या में प्रदेश भर से एक लाख से ज्यादा निजी वाहन पहुंचने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने एक साथ एक समय पर 10 हजार से ज्यादा वाहन खड़े करने के इंतजाम किए हैं। इसके लिए अलग-अलग इलाकों में 35 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि एक साथ एक समय पर करीब दस हजार वाहन ही खड़े होंगे बाकी मूविंग में होंगे इसके लिए ट्रैफिक का पूरा इंतजाम किया गया है। रामनवमी मेले की तैयारी में उत्तर प्रदेश रोडवेज भी पीछे नहीं है।

### संक्षिप्त समाचार

**नौंवा दिवस**



**नौंवा स्वरूप सिद्धिदात्री**

मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें।
सिद्धि का क्या अर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

## आईएएस की बेटी छाया सिंह को यूपीएससी में 65वीं रैंक

● भोपाल के दो सगे भाइयों का भी सिलेक्शन, धार की माही को 106वीं रैंक

भोपाल। संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेस परीक्षा 2023 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इसमें भोपाल की छाया सिंह ने 65वां स्थान हासिल किया है। छाया सिंह, आईएएस छोटे सिंह की बेटी हैं। भोपाल के सचिन गोयल को 209वीं और समीर गोयल को 222वीं रैंक मिली है। दोनों सगे भाई हैं। धार की माही शर्मा की 106 और सतना की काजल सिंह को 485वीं रैंक मिली है। काजल के पिता विजय सिंह सतना के कोलगवां पुलिस थाना में सब इंस्पेक्टर हैं। 65वीं रैंक हासिल करने वाली छाया के पिता छोटे सिंह अपर आयुक्त राजस्व ग्वालियर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने बताया छाया लद्दाख टूर पर है। उसने अपने सिलेक्शन की सूचना लद्दाख से एक परिचित के फोन


समीर गोयल (रैंक-222) सचिन गोयल (रैंक-209)

से कॉल कर दी है। छाया सिंह ने यूपीएससी परीक्षा 2023 में चौथे प्रयास में आईएएस बनने में सफलता पाई है। छाया ने सीएसई 2021 क्लियर किया था और 288वीं रैंक पाई थी, तब सिलेक्शन आईडीएएस में हुआ था। इसके पहले यूपीएससी में डीएएनआईपीएस सर्विस में सिलेक्ट हुई थीं। वर्ष 2019 में यूपीएससी से सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेट के पद पर सिलेक्ट हुई थी। वर्ष 2020 में वे महिला और बाल विकास अधिकारी के पद पर भी चयनित हो चुकी हैं। छाया ने पंजाब के पटियाला से पांच वर्षीय बीएएलएलबी का कोर्स क्लैट के माध्यम से किया है। भोपाल के सचिन गोयल को 209वीं और समीर गोयल को 222वीं रैंक मिली है। दोनों सगे भाई हैं। समीर और सचिन के पिता संजय गोयल भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड (भेल) भोपाल में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। जबकि मां डॉ. संगीता शर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। भोपाल के अर्णव भंडारी का भी यूपीएससी में सिलेक्शन हुआ है। उनकी रैंक 232 है। इससे उनका आईपीएस बनना तय है।

## पूर्णिया में पीएम बोले-इंडी वाले भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे

● हम उनको हटाने में लगे हैं, इन पर अगले 5 साल और कड़ाई होगी

**पीएम बोले- बाबा साहेब अंबेडकर भी संविधान को नहीं बदल सकते**

● इंडी गठबंधन वाले एक भी सीट जीतने के लायक नहीं

**गया/पूर्णिया (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी बिहार में मंगलवार को 3 घंटे रहे। उन्होंने गया और पूर्णिया में जनसभा की। पीएम ने संविधान, भ्रष्टाचार, राम मंदिर और आतंकवाद पर इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूर्णिया में कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन को मिटाने में लगे हैं। जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उनको पूज रहे हैं। हम भ्रष्टाचार को मिटाने में लगे हैं और वे बचाने में लगे हैं। भ्रष्टाचार के ठिकाने को बचाने के लिए सभी एक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले देश में जवानों की शहादत होती थी। आपको गुस्सा होती थी, इन्हें घर में घुसकर मारो। आज जो देश हमें आंखें दिखाता



था वो आज कटोरा लेकर भटक रहा है। जो लोग संविधान बदलने का कह रहे हैं उन्होंने कई दशकों तक काम किया, लेकिन वो कभी बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं करवा पाए। ये मोदी है, आज जम्मू-कश्मीर में भी संविधान आन-बान और शान से लागू हो गया है। ये कहते थे 370 हटी तो कश्मीर में आग लग जाएगी। आज आर्टिकल-370 का एंड हो चुका है। भारत को बांटने वालों को जलन हो रही है। ये लोग राम मंदिर के लिए भी यही कहते थे। राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी।

पीएम ने आगे कहा कि आप ही बताइए, क्या ऐसे लोग एक भी सीट जीतने के लायक हैं क्या। इनको सजा मिलनी चाहिए एक एक को साफ़ करना चाहिए। बिहार में ये वोट भी नीतिश जी के कामों पर, केंद्र के कामों पर मांगते हैं। इनके पास कोई विजन नहीं हैं। ये लोग नीतिश जी के काम का और केंद्र सरकार के कामों का क्रेडिट लेना जानते है। आरजेडी इतने साल रही लेकिन इनकी हिम्मत नहीं हैं कि ये अपने कार्यकाल की कार्यों की चर्चा करे। घमंडिया गठबंधन के लोगों को भगवान राम से भी परेशानी है। राममंदिर को लेकर क्या-क्या बोलते हैं। इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये हमारी संस्कृति नहीं है। ये हमारी परंपरा नहीं है।

## नॉमिनेशन में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिखाई ताकत

● आगरा-मुंबई हाईवे पर लग गया जाम, रही भारी भीड़

भोपाल। लोकसभा चुनाव को लेकर गुना-शिवपुरी सीट से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नामांकन किया है। नामांकन के दौरान सिंधिया ने रोड शो में अपनी ताकत दिखाई है। हजारों की संख्या में उनके समर्थक गाड़ियों के काफिले के साथ शिवपुरी पहुंचे थे। नॉमिनेशन के दौरान गाड़ियों से गुना से शिवपुरी तक लंबा जाम लग गया था। सड़कों पर बीजेपी के झंडे लहरा रहे थे। मध्य प्रदेश में गुना-शिवपुरी सबसे चर्चित सीट है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। वह शुभ मुहूर्त में नॉमिनेशन दाखिल करने शिवपुरी पहुंचे थे। इससे पहले मंदिर जाकर उन्होंने



पूजा-पाठ की थी। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गुना से लंबी गाड़ियों के काफिले के साथ शिवपुरी रवाना हुए थे। उनके काफिले में इतनी गाड़ियां थीं कि गुना-शिवपुरी रोड पर कई जगह जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। वहीं, मंगलवार को पुख नक्षत्र में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन फॉर्म जमा करने से पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया हनुमान जी के शरण में पहुंचे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में हवन पूजन किया। साथ ही लंबे काफिले के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए गुना से शिवपुरी के लिए रवाना हुए। गुना से लेकर शिवपुरी तक जगह-जगह ज्योतिरादित्य सिंधिया का उनके समर्थकों और आमजन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं, सिंधिया के नामांकन के समय भारी भीड़ रही।

**विज्ञापन केस**

## पतंजलि ग्रुप ने सुप्रीम कोर्ट में फिर मांगी माफी

**रामदेव बोले-काम के उत्साह में ऐसा हो गया, कोर्ट ने कहा-आप इतने मासूम नहीं हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। कोर्ट ने कहा- हम बाबा रामदेव को सुनना चाहते हैं। जस्टिस कोहली ने कहा- आपने (रामदेव) योग के लिए बहुत कुछ किया है। आपका सम्मान है, लेकिन आपने ये जो स्टेटमेंट दिया है- परम आदरणीय जज साहिब महोदया। अनकंडीशनली जो भी हमसे हुई हम अपोलोजाइज किए हैं। जिस चीज का आप प्रचार कर रहे हैं, हमारी संस्कृति में ऐसी कई चीजें हैं। लोग सिर्फ एलोपैथी नहीं, घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल कर रहे हैं। नानी के नुस्खे भी। आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं। रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आयुर्वेद को रिसर्च बेस्ड एविडेंस के लिए तथ्य पर लाने




के लिए पतंजलि ने प्रयास किए हैं। आगे से इसके प्रति जागरुक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। आगे से नहीं होगा। इस पर कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। हम इस मामले को 23 अप्रैल को देखेंगे। आप दोनों (रामदेव-बालकृष्ण) उस दिन भी कोर्ट में मौजूद रहें। पतंजलि ने 2 और 9 अप्रैल को भी माफी मांगी, कोर्ट ने कहा- ये सिर्फ खानापूर्ति है बाबा रामदेव की तरफ से 2 अप्रैल को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में माफीनामा दिया गया था। बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा। इसके बाद कोर्ट ने 10 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की थी। 10 अप्रैल की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले (9 अप्रैल को) बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया। इसमें पतंजलि ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और ऐसा दोबारा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही है।

## समय सागर जी महाराज ने स्वीकार किया आचार्य पद

● आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आसन तक लेकर पहुंचे

● कुंडलपुर में हो रहा पदारोहण महोत्सव, जबरदस्त रही भीड़

**भोपाल।** दमोह के जैन तीर्थ कुंडलपुर में आज आचार्य विद्यासागर जी महाराज के उत्तराधिकारी के तौर पर समय सागर जी महाराज आचार्य पद स्वीकार कर लिया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सहित सभी अतिथि समय सागर महाराज को आसन तक लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंच पर पहुंचकर आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया। आचार्य समय सागर जी महाराज को सबसे ऊंचे आसन पर बैठाया गया। इससे पहले सोने-चांदी के कलश से उनके चरण धुलवाए गए। कार्यक्रम का संचालन नियम सागर महाराज, प्रणाम सागर महाराज और अन्य ने किया। चौक पूरने के बाद आचार्य श्री का आसन रखा गया। इसके बाद मुनि संघ ने समय सागर जी महाराज



से पद स्वीकार करने का निवेदन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत करीब दो लाख श्रद्धालु महोत्सव के साक्षी बने। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, समय सागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। हमें उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, सागर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज बनने वाला है। उसका नाम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम पर रख दिया है। अपने जीवन काल में वो जीते जी देवत्व को प्राप्त कर गए। सभी मुनियों, समस्त साधकों को प्रणाम करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन भागवत ने कहा, आचार्य जी का पदारोहण हम सबके लिए सौभाग्य की बात है।

## बीजेपी के मेनिफेस्टो में 2047 का विजन, कांग्रेस हुई हमलावर

● जीतू पटवारी बोले-पीएम तब की बात कर रहे जब हम जीवित ही नहीं रहेंगे

**भोपाल।** बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को मेनिफेस्टो जारी किया है। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। भाजपा के इस मेनिफेस्टो पर जीतू पटवारी ने कहा- प्रधानमंत्री ने कल एक इंटरव्यू दिया और बहुत सी बातें की। लेकिन, बॉन्ड और करप्शन की बात नहीं। बेरोजगारी, काले धन की बात नहीं की। देश की चरमराई अर्थव्यवस्था पर बात नहीं की। देश में जो महंगाई हो गई उस पर बात नहीं की। प्रधानमंत्री जी तब की बात कर रहे हैं जब हम जीवित नहीं रहेंगे। जीतू ने आगे कहा- प्रधानमंत्री ने बात की तब की जब हम जीवित नहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री की जो आज उम्र है, भगवान करे वो सौ साल जिएं। लेकिन, व्यक्ति का अपना एक विजन होता है। वो 2047 की बात करेंगे जब वो सौ साल से ऊपर हो जाएंगे।




इस तरह की भावना गुमराह करने की भावना है। आपने दस साल में क्या डिलेवर किया ये देश को पता चलना चाहिए। मैं मानता हूं कि बीजेपी का जो घोषणा पत्र है वो झांसा है। इस झांसे से देश और प्रदेश की जनता को बचना चाहिए। पीसीसी चीफ ने कहा- देश में जिनको आपने ठेके दिए उन्हीं से 80 प्रतिशत चंदा ले लिया। प्रधानमंत्री जी देश को ये बताने में असफल रहे कि अगर काला धन वो लें, तो कोई बात नहीं। दूसरी राजनीतिक पार्टियां कहीं भी चूक कर जाएं तो उनके खिलाफ प्रशासन, ईडी और सीबीआई है।

**कयामत की निशानी...**

## मक्का और मदीना के रेगिस्तान अब हो रहे हरे-भरे

● अनोखे बदलाव देख सहमे लोग, बोले-पैगंबर ने कर दी थी भविष्यवाणी

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब के रेगिस्तान में आश्चर्यजनक रूप से कुछ असामान्य बदलाव हाल के सालों में सामने आए हैं। भारी बारिश के कारण मक्का और मदीना के आसपास एक जीवंत हरा-भरा नखलिस्तान बन रहा है। रेगिस्तानी इलाके में आती हरियाली स्थानीय लोगों के साथ-साथ आगंतुकों को भी आकर्षित कर रही है। भारी बारिश ने इस बंजर परिदृश्य को समृद्ध वनस्पतियों के हरे-भरे आश्रय में बदल दिया है। रेगिस्तान की मुश्किल परिस्थितियों के बीच अचानक जीवन का उभार प्रकृति के लचीलेपन और पुनर्जीवन की क्षमता का गवाह बन रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बारिश के आगमन से सूखी धरती पुनर्जीवित हो गई है, जो इसके सामान्य बंजर स्वरूप के उलट है। यह नखलिस्तान ना केवल एक आश्चर्यजनक दृश्य प्रदान करते हुए नई जैव विविधता को भी आश्रय दे रहा है। ये क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को भी आकर्षित कर रहा



है। सऊदी अरब के विशाल रेगिस्तानी विस्तार के एक हिस्से में विशेष रूप से मक्का और मदीना के पवित्र शहरों के आसपास के क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा के चलते ये आश्चर्यजनक परिवर्तन हुआ है। बारिश ने इन पहले के शुष्क और उजाड़ परिदृश्यों को पुनर्जीवित कर दिया है, जिससे यह हरियाली की उज्ज्वल छटाओं से खिल उठा है। इस क्षेत्र में बदलाव का श्रेय बारिश के पानी को दिया जा रहा है। पानी के प्रवाह ने शुष्क मिट्टी को पुनर्जीवित किया।

प्रदेश पाती
दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, बुधवार 17 अप्रैल, 2024

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुआ मैत्री मैच

**नर्मदापुरम(निप्र)।** लोक सभा निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन केन्द्रीय विद्यालय मैदान एसपीएम में हुआ। जिसमें शिक्षा विभाग और आजाद इलेवन के बीच मैच खेला गया। सबसे पहले जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह बिसेन व और प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय राजेश साहू ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया। आजाद इलेवन ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया। शिक्षा विभाग की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 6.8 के औसत से 16 ओवर में 105 रन का लक्ष्य आजाद इलेवन का दिया। जिसे आजाद इलेवन ने 6.9 के औसत से 15 ओवर 2 बाल में ही प्राप्त कर लिया।

### स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर लगा

**नर्मदापुरम(निप्र)।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश, सचिव शशि सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त तत्वावधान में केंद्रीय जेल परिसर में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक सहायता जागरूकता शिविर लगा। उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल ने 9 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सहायता अधिकारी कु.अंकिता शांडिल्य एवं उपस्थित अधिकारीगण द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य, केंद्रीय जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप जेल अधीक्षक हितेश बांडिया, जिला चिकित्सालय के विशेष चिकित्सा अधिकारी डॉ. नाजिया, डॉ. भास्कर गुप्ता, पैरा मेडिकल स्टाफ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण से पंखुड़ी असिस्टेंट लीगल एंड डिफेन्स काउंसल, मनोज कुमार सोनी पैरा लीगल वालंटियर्स रेखा सराठे, शिवम, शेरसिंह स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईंट भट्टे से गिरने से एक युवक की मौत

**नर्मदापुरम(निप्र)।** मालाखेड़ी से बांद्राभान रोड पर घानाबढ़ के पास लगे ईंट भट्टे से एक युवक के गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वह मजदूरी करता था। भट्टे से गिरने के कारण उसे चोटें आई। इससे उसकी मौत हो गई। अब जांच होगी कि युवक कैसे गिरा, भट्टा वैध है या अवैध है। यदि अवैध निकला तो इसे चलाने वाले पर भी मामला दर्ज होगा।

### जिले में 15 एसएसटी टीम, 5 व्हीएसटी तथा 15 एफएसटी टीम करेंगी निगरानी

**विदिशा (निप्र)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विदिशा के अन्य सीमावर्ती जिलों के चेक पॉइंट पर सतत निगरानी रखे जाने हेतु जिले में विधानसभा वार एसएसटी, व्हीएसटी और एफएसटी टीमें बनाई गई हैं। जिले की पांचो विधानसभाओं में कुल 15 एसएसटी टीमें बनाई गई हैं जिनमें प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन टीमें शामिल हैं। प्रत्येक विधानसभा में बनाई गई तीन-तीन टीमों में क्रमशः 9-9 अधिकारी, कर्मचारी लगाए गए हैं। इस प्रकार जिले की पांचो विधानसभाओं में कुल 15 एसएसटी टीम में 45 अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा के लिए एक-एक व्हीएसटी टीम भी बनाई गई हैं। इसके अलावा जिले में प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन एफएसटी टीम इस प्रकार कुल 15 एफ एसटी टीमें बनाई गई है जिनमें प्रत्येक विधानसभा के लिए 9-9 इस प्रकार कुल 45 अधिकारी, कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। साथ ही साथ एसएसटी, व्हीएसटी और एफएसटी टीम के लिए कुल 35 अधिकारी कर्मचारियों को रिजर्व में भी रखा गया है।

# लोकसभा चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए आयोग के निर्देशों का कढ़ाई से पालन करें : व्यय प्रेक्षक

## विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षकों ने एसएसटी जॉच नाके और एआरओ कार्यालय का किया निरीक्षण



**सीहोर (निप्र)।** विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भारत निवार्चन आयोग द्वारा विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मेहुल भारत जैन (आईआरएस) तथा सुश्री अनन्या सिन्हा (आईआरएस) ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक कर विदिशा एवं भोपाल संसदीय लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दोनों व्यय प्रेक्षकों ने अधिकारियों से कहा कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कढ़ाई से पालन करें। कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने दोनों व्यय प्रेक्षकों को निर्वाचन खर्चे की निगरानी के लिए की गई व्यवस्थाओं, वीडियो अवलोकन दलों, उड़नदस्तों सहित वीडियोग्राफी, मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण टीम आदि तैयारी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी एवं इछावर विधानसभा तथा भोपाल संसदीय क्षेत्र के तहत सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। बुधनी में 363, इछावर में 275 तथा सीहोर में 265 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी विधानसभा में 276599 मतदाता तथा इछावर विधानसभा के अन्तर्गत 226913 मतदाता है। इसी प्रकार भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा में 223652 मतदाता है। बैठक में एसपी श्री मयंक अवस्थी जिले की तीनों संसदीय क्षेत्रों की कानून व्यवस्था की जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा अभी तक की गई कार्यवाहियों से अवगत कराया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले, एसडीएम इछावर श्री जमील खान, सीहोर एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

**व्यय प्रेक्षकों ने कलेक्टर कार्यालय के विभिन्न निर्वाचन सेल का निरीक्षण किया:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री मेहुल भारत जैन तथा सुश्री अनन्या सिन्हा ने कलेक्टर कार्यालय में चल रही विभिन्न निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का निरीक्षण किया और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पेड न्यूज मॉनिटरिंग सेल, निर्वाचन व्यय लेखा सेल, जिला कन्ट्रोल रूम, वीवीटी आदि कक्षों का निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यवाही को देखा। इस दौरान कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न सेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एसपी श्री मयंक अवस्थी, जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री वृन्दावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री नितिन टाले, एसडीएम इछावर श्री जमील खान, सीहोर एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

### एसएसटी जांच नाके का व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण किया

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री मेहुल भारत जैन ने बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ऑवलीघाट में बनाए गए एसएसटी जांच नाके में वाहन चेकिंग एवं तलाशी की कार्यवाही का निरीक्षण किया। भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक सुश्री अनन्या सिन्हा ने सीहोर एआरओ कार्यालय का निरीक्षण भी किया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री तन्मय वर्मा ने सीहोर विधानसभा के निर्वाचन तैयारियों की जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने जांच नाके में रजिस्टर एवं अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण किया तथा जांच दल के कर्मचारियों से वाहन चेकिंग की व्यवस्था, बेरिकेडिंग, वाहनों की तलाशी, जब्ती आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित सीमा से अधिक नगदी एवं निर्वाचन को प्रभावित करने वाली अन्य सामग्रियों की सघन जांच की जाए। श्री जैन ने भैरूंदा सर्किट हाउस में बैठक कर सभी संबंधित अधिकारियों ने निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही व्यय लेखा दल को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री राधेश्याम बघेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री मदन सिंह रघुवंशी तथा एसडीओपी श्री दीपक कपूर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

इछावर श्री जमील खान, सीहोर एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिकेट व रस्सा-कसी प्रतियोगिता का हुआ समापन

## पुलिस पैंथर की टीम ने जीता क्रिकेट मैच व रस्सा-कसी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला



**विदिशा (निप्र)।** स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में विविध कार्यक्रमो का आयोजन हर रोज किया जा रहा है। जिसके तहत जारी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ है। आज रविवार को जिला मुख्यालय स्थित कनारा क्रिकेट ग्राउण्ड पर क्रिकेट एवं रस्साकसी प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाए हैं। कनारा के मैदान पर आयोजित फाइनल मुकाबला कलेक्टर इंडियन बनाम पुलिस पैंथर के मध्य खेला गया। पुलिस पैंथर की टीम ने फायनल मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबले में कलेक्टर इंडियन की टीम में जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने भी सहभागिता निभाई है। इसके साथ ही रस्सा-कसी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भी कलेक्टर इंडियन बनाम पुलिस पैंथर के मध्य हुआ। इस मुकाबले में भी पुलिस पैंथर की टीम ने जीत दर्ज की है। कनारा मैदान पर आयोजित क्रिकेट व रस्सा-कसी प्रतियोगिता के दौरान एसबीआई की लीड बैंक शाखा द्वारा खिलाड़ियों को स्वल्पाहार व कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई थी। लीड बैंक ऑफिसर श्री आकाश चैहान एवं पूर्व लीड बैंक ऑफिसर श्री नरेश मेघानी के द्वारा खिलाड़ियों को कैप प्रदाय किए गए हैं।

### शपथ

स्वीप गतिविधि अंतर्गत जारी प्रतियोगिताओं के दौरान कनारा मैदान पर उपस्थित खिलाड़ियों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा अन्य नागरिकों ने मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन भी किया है। शपथ के माध्यम से आगामी सात मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक नागरिकों से अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें के संदेशों का प्रसारण किया गया है।



# चेक पोस्ट पर परख से कोई बच ना पाए : व्यय प्रेक्षक

**विदिशा (निप्र)।** निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री मेहुल भारत जैन ने विदिशा एवं बासौदा विधानसभा क्षेत्र मे एस एस टी द्वारा क्रियान्वित कार्यो का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया है। प्रेक्षक श्री जैन ने बासौदा क्षेत्र के भ्रमण दौरान पचमा की एस एस टी द्वारा जारी जांच पड़ताल को देखा इसी प्रकार विदिशा विधानसभा के उदयगिरि चेकिंग पाइंट की जांच की है। व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने एस एम टी टीम के द्वारा पंजियों में संधारित जानकारियां का भी अवलोकन किया है।लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त व्यय अनुवीक्षण के प्रयोजन से विधि प्रवर्तन एजेंसियों के नोडल अधिकारियों से भी संवाद किया है। व्यय प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि लोकसभा निर्वाचन के साथ साथ वर्तमान में शादी विवाह का सीजन भी चल रहा है। सभी चेक पोस्टों पर लगाई गई टीम लोकसभा निर्वाचन में उपयोग की जाने वाली सामग्री सहित अन्य सामग्री व शादी विवाह में उपयोग की जाने वाली सामग्री में विवेक से अंतर करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण कार्रवाई के समय वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए। निरीक्षण के दौरान बासौदा एसडीएम श्री विजय राय लायजनिंग आफीसर व वन विभाग के एसडीओ श्री विजय मौर्य भी साथ मौजूद रहे।

# सतरस्ते पर नहीं रहती ट्रैफिक पुलिस, लग जाता है जाम



**नर्मदापुरम(निप्र)।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। सतरस्ते पर ट्रैफिक कर्मचारी तैनात नहीं रहते। लोगों को आम दिन व बाजार के दिन वाहन चलाने और पैदल निकलने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रविवार शाम सीएमओ की गाड़ी रेलवे स्टेशन, नगरपालिका मार्ग से निकलते समय जाम में फंस गई थी। अंबेडकर जयंती का चल समारोह निकाला जा रहा था। पुलिस टीम ने पहुंचकर रास्ता क्लीयर करवाया। लेकिन सतरस्ते पर बीच रोड नपा की ओर जाने वाले रास्ते में खड़े होने वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसके कारण यहां पर प्रतिदिन वाहन रोड पर खड़े मिलते हैं। इस रोड पर मॉल, रेसीडेंशियल होटल होने के कारण भी रूकने वाले लोग वाहनों को रोड पर ही पार्क करते हैं।

# प्रधान जिला न्यायाधीश की संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल जल संरक्षण का कारगर उपाय है वाटर हार्वेस्टिंग-प्रधान जिला न्यायाधीश




**सीहोर (निप्र)।** जिला न्यायालय परिसर सीहोर में जल संरक्षण एवं जल स्तर संवर्धन के उद्देश्य से श्री प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर सीहोर में विभिन्न स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग हेतु पीट्स का निर्माण किया गया। इस कार्य में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री एमके वर्मा सहित अनेक न्यायाधीशां तथा अधिवक्ताओं द्वारा श्रमदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश कहा कि जिला न्यायालय परिसर में भी पानी की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस कारण टैंकर एवं अन्य माध्यमों से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान से जिला न्यायालय परिसर में पीट्स का निर्माण किया जा रहा है। जिससे वर्षा का जल व्यर्थ नष्ट नहीं होगा और भूमि में अवशोषित होकर जल स्तर को बढ़ाने में सहायक यह पहल सभी को यह संदेश देने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है कि जल ही जीवन है तथा जल का संरक्षण हमारे साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है। वॉटर हार्वेस्टिंग जल स्तर बढ़ाने की कारगर तकनीक है एवं इसका वृहद स्तर पर उपयोग किया जाना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में तृतीय जिला न्यायाधीश श्री अभिलाष जैन न्यायाधीश, श्रीमती स्वप्नश्री सिंह जिला रजिस्ट्रार/न्यायाधीश अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री राधेश्याम यादव, सचिव श्री राजेश वर्मा, श्री जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी, अधिवक्तागण एवं अनेक पैरालीगल वालेन्टियर्स उपस्थित रहें।

# बाइक रैली व चल समारोह में गुंजे बाबा साहब अमर रहे के नारे



**नर्मदापुरम(निप्र)।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर रविवार को जिलेभर में कार्यक्रम हुए। पुराने बस स्टैंड पर स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर अजाक्स संघ के तत्वधान में बाबा साहब का 133वां जन्म दिवस मनाया गया। बाबासाहब अमर रहे, के नारों से सभा स्थल गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला उद्योग के महाप्रबंधक, डॉ. पीसी करुण, पूर्व संघ अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष देवीप्रसाद मेहर शामिल रहे। संजयनगर, बुद्धविहार वार्ड नंबर 33 में भी बाबा साहब की जयंती मनाई। वार्ड पार्षद वंदना विमल चुटीले ने सुबह बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं झंडा बंधन किया। दशहरा मैदान से बाइक रैली निकाली। शहर भ्रमण कर रैली संजय नगर पहुंची। शाम को डॉक्टर आंबेडकर का चल समारोह वार्ड नंबर 33 संजय नगर से निकाला गया। बड़ी संख्या में बहुजन समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए। चल समारोह संजयनगर से शहर भ्रमण करते हुए आंबेडकर प्रतिमा पहुंचा। भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद मैना, अनिल अहिरवार, पार्षद चुटीले, संदीप सोनकर समेत सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर फूल-माला अर्पित की।

**एसपी में जयंती पर दिया भीम पुरस्कार :** कामगार कल्याण केन्द्र , एसपीएमनर्मदापुरम में अनूसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति, एसपीएम द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती मनाई। मुख्य अतिथि जीएम बेंकटेश कुमार, अपर महाप्रबंधक अमित कुमार, संयुक्त महाप्रबंधक अखिलेश गुप्ता ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चों के साथ केक काटकर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बाबा साहेब का जन्म दिन धूम धाम से मनाया गया। कन्हैया बड़ाने को भीम पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही समिति द्वारा रेवाराम अहाके, निर्मला मार्थन, शरद कुमरे, नामदेव वानखेड़े और नलिन पटेल को समाज सेवक सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मेघावी छात्रों को शिक्षा/खेल में सम्मानित किया गया।

### तीन प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही

**विदिशा , (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने तीन प्रकरणों में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए है। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर जिन तीन प्रकरणों में जिला बदर की कार्यवाही की गई है। उनमें अनावेदक अरविन्द पिता वैजनाथ गुर्जर उम्र 21 साल निवासी सिरावदा थाना देहात गंजबासौदा जिला विदिशा तथा अनावेदक आकाश पिता रविशंकर तिवारी उम्र 35 साल निवासी ग्राम रसूलपुर थाना त्योंदा जिला एवं अनावेदक संतोष पिता शंकरलाल अहिरवार उम्र 32 साल निवासी ग्राम बरवाई थाना हैदरगढ़ जिला विदिशा सहित पूर्व उल्लेखितों के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिला बदर की कार्यवाही का आदेश जारी हुआ है। तीनो अनावेदक विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की राजस्व सीमा से क्रमशः एक-एक वर्ष की कालावधि के लिए उसे निष्कासित किये गए है।

### नाबालिग से दुष्कर्म व अपहरण के आरोपी को 20 साल की कैद

**हरदा(निप्र)।** विशेष न्यायाधीश ने दुष्कर्म के आरोपी को दोषी पाते हुए 20 साल सश्रम कैद और अर्थदंड से दंडित किया है। एडीपीओ जतिन दुबे ने बताया कि टिमरनी थाना क्षेत्र की 15 साल की पीड़िता लापता हो गई।िजसे पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंपा। पीड़िता ने बताया कि सिवनीमालवा के नोनिया निवासी आरोपी अर्जनु पिता गोविंद कोरकू 24 साल उसे बहला-फुसला कर भगा ले गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। वही विशेष न्यायधीन ने सजा सुनाई।

दैनिक सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...



# इंदौर में हादसा : पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से कई घायल

## अवैध रूप से बना रहे थे रस्सी बम, प्रशासन लगातार कर रहा जांच

इंदौर। शहर की एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। हादसे में तीन लोग गंभीर घायल हैं। मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम ने पहुंचकर तुरंत घायलों को इंदौर के चोइथराम अस्पताल पहुंचाया। जिस फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ वहां सुतली बम बनाए जाते हैं। ये फैक्ट्री साखिर खान नाम के व्यक्ति की है, जो राऊ का रहने वाला है। आंबा चंदन गांव महू से लगभग आठ किमी दूर है। गांव से करीब पांच किमी दूर जंगल की तरफ चार बीघे के खेत में पटाखा फैक्ट्री है। यहां सुतली बम बनाने का काम चल रहा था। प्राथमिक जानकारी में सामने आया है कि फैक्ट्री लाइसेंसी थी। लाइसेंस 31 मार्च तक वैलिड था।



यहां रखे केमिकल में आग लगने से हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट इतना तेज हुआ कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। रोहित पिता परमानंद निवासी ग्राम दातोदा, अर्जुन पिता नाथू राठौर निवासी महाराष्ट्र और उमेश पिता माणिक चौहान गंभीर घायल हुए हैं।

**प्रशासन लगातार कर रहा जांच**

हरदा की पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के बाद से इंदौर में प्रशासन लगातार जांच कर रहा है। इंदौर में राऊ, सिमरौल और अन्य क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पटाखा फैक्ट्री हैं। यहां पर प्रशासन सख्ती से काम कर रहा है। बावजूद इसके ब्लास्ट होने पर सवाल उठ रहे हैं।

**बड़ा हादसा हो सकता था**

पटाखा फैक्ट्री में लगी आग के बाद बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया। आसपास कोई ज्वलनशील पदार्थ के अन्य भंडारण न होने और घरों के दूर दूर होने की वजह से आग फैलने से बच गई।

**अवैध रूप से बना रहे थे रस्सी बम**

बताया जा रहा है कि यहां पर अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। प्रशासन के नियमों को ताक पर रखकर यह फैक्ट्री बनाई गई थी। यहां पर रस्सी बम बनाए जा रहे थे। हरदा में हुए हादसे के बाद प्रशासन ने फ़ैक्ट्री की जांच की थी। लाइसेंस मार्च में ही खत्म हो गया था उसके बाद भी बिना अनुमति से मजदूर पटाखे बना रहे थे। हादसे के बाद फैक्ट्री पूरी तरह से जल गई और चारों तरफ सिर्फ राख ही नजर आ रही है।

# लोकसभा चुनाव के लिये सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिये सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। डॉ. आर. सेल्वाराज को सामान्य प्रेक्षक बनाया गया है। इसी तरह श्री निरलिप्त राय को पुलिस प्रेक्षक और मट्टा पदमा एवं अलका गौतम को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। सामान्य प्रेक्षक 25 अप्रैल से 4 जून तक इंदौर रहेंगे। पुलिस प्रेक्षक 25 अप्रैल से 13 मई तक और व्यय प्रेक्षकगण 18 अप्रैल को इंदौर आयेंगे।

# मतपत्रों में चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों के फोटो भी होंगे

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की बैलेट यूनिट पर चस्पा किये जाने वाले मतपत्रों में उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ फोटो तथा सर्विस वोटर्स को जारी किये जाने वाले डाक मतपत्रों पर उम्मीदवारों के नाम और पार्टी के नाम के साथ फोटो भी अंकित होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के नाम, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह के साथ मतपत्रों में फोटो अंकित करने के ये निर्देश एक ही या मिलते जुलते नाम के दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने के पूर्व में सामने आये प्रकरणों को देखते जारी किये गये हैं। मतपत्रों पर उम्मीदवारों का फोटो उसके नाम और चुनाव चिन्ह के बीच में दो गुना ढ़ाई सेंटीमीटर के आकार (स्टेम्प साइज) में अंकित किये जायेंगे। मतपत्रों पर फोटो अंकित करने के लिए उम्मीदवारों को अपने फोटो नाम निर्देशन पत्र के साथ ही प्रस्तुत करने कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि मतपत्रों पर अंकित करने के लिए अपने ऐसे फोटो देवें जो तीन माह से अधिक पुराने नही हों।

# चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपित गिरफ्तार, बिना नंबर प्लेट की बाइक से इंदौर में करते थे लूट

इंदौर। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना नंबर प्लेट की बाइक से चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपित को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, हितेश पंजाबी निवासी क्रांति कृपलानी नगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपित ने पूछताछ में थाना राऊ व भंवरकुआं क्षेत्र में दो चेन झपटने की घटना करना स्वीकार किया है। आरोपित ने पुलिस को बताया कि उस पर कर्ज बहुत ज्यादा हो गया है और जल्दी पैसा कमाने के लिए घटना को अंजाम दिया था।

**पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा**

आरोपित ने 10 अप्रैल को राऊ थाना क्षेत्र में घर के बाहर घूम रही महिला के गले से चेन लूटी थी। इसके अलावा भंवरकुआं क्षेत्र में एक जुलाई को चेन लूटना स्वीकार किया। आरोपित के कब्जे से सोने की दो चेन जब्त की गई। अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# ट्रक की चपेट में आए आरक्षक की मौत

इंदौर, एजेंसी। आरक्षक कमल पारगी 18 नवंबर 2018 की रात नियमित ड्यूटी के दौरान राजोदा बायपास चौराहा देवास जेल के पास तैनात था। वह रोड से नीचे खड़ा होकर ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान ट्रक एमपी 06 एचसी 1782 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लाया और ट्रक को पलट दिया। ड्यूटी में तैनात कमल पारगी और एक अन्य ट्रक के नीचे दब गए। कमल की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। कमल की पत्नी पूनमबाला, दो पुत्र और अन्य ने एडवोकेट एलएन यादव के माध्यम से ट्रक का बीमा करने वाली बीमा कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति के लिए जिला न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया। एडवोकेट यादव ने तर्क रखे कि कमल परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी असामयिक मौत से पत्नी, पुत्र, पुत्री, माता-पिता को अपूरणीय क्षति हुई है। बीमा कंपनी ने यह कहते हुए परिवाद का विरोध किया तो कमल के एक पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति मिल चुकी है और हादसे के वक्त ट्रक चालक के पास वैध लायसेंस नहीं था। सोलहवे सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकार न्यायधीश राजेश कुमार अग्रवाल ने यादव के तर्कों से सहमत होते हुए बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह मृतक के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के रूप में 52 लाख तीन हजार रुपये का भुगतान एक माह के भीतर करे।

# इसी सप्ताह जारी होंगे मप्र बोर्ड की पांचवी-आठवीं परीक्षा के परिणाम

**इंदौर।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा इस बार बोर्ड पैटर्न में पांचवीं और आठवीं आयोजित की गई थी। इन परीक्षाओं का मूल्यांकन भी अप्रैल माह में शुरू होकर पूरा हो गया है। अब चिन्हित कापियों का दोबारा मूल्यांकन किया जा रहा है। यह काम भी तकरीबन पूरा हो चुका है। राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, पांचवीं और आठवीं परीक्षा के परिणाम इसी सप्ताह में जारी हो सकते हैं।

इस बार मार्च में आयोजित हुई परीक्षा में करीब एक लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिला परियोजना समन्वयक शांता स्वामी भार्गव ने बताया कि इस बार 300 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिसमें 1200 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगी थी। परीक्षाएं खत्म होते ही मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो गया था। कुछ दिनों पहले राज्य शिक्षा केंद्र से निर्देश जारी हुए हैं, जिसमें जिले की करीब 40 हजार कापियों के अंक दोबारा जोड़े जा रहे हैं। यह काम भी पूरा होने को है। संभवतः इसी सप्ताह पांचवीं और आठवीं के परीक्षा परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे। हमारी कोशिश रहेगी कि इस बार समय पर अंकसूची जारी हो जाए। बता दें कि पिछले दो वर्षों से आठवीं कक्षा की अंकसूची का प्रकाशन नहीं हुआ था, जो कि इसी वर्ष हुआ है।

स्वामी ने बताया कि आठवीं की परीक्षा दे चुके विद्यार्थियों को नौवीं कक्षा में ब्रिज कोर्स में शामिल होने के लिए पहले ही बता दिया गया था। लेकिन अधिकांश विद्यार्थी स्कूल नहीं जा रहे हैं, जिसके चलते वे ब्रिज कोर्स में पीछे रह जाएंगे। ब्रिज कोर्स सिर्फ 30 अप्रैल तक ही चलेगा।

# इंदौर में अगले दो से तीन दिन में तापमान में होगी बढ़ोतरी, शाम को छाएंगे बादल

इंदौर। सोमवार रात को शहर में छाए बादलों के कारण रात के तापमान में इजाफा देखने को मिला। मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह दृश्यता 5000 मीटर तक दर्ज की गई। सुबह उत्तर पूर्वी हवाएं 12 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चली।

बीते 24 घंटे में रात के तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर देखने को मिला। अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस सुबह 10 बजे दर्ज किया गया, जो बढ़कर 39 डिग्री तक जाने का अनुमान लगाया है। जबकि न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह 8.30 बजे तक आर्द्रता 45 प्रतिशत रही। सुबह से उमस की वजह से लोगों का पसीने से बुरा हाल होता रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक़, आसार में दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी, वहीं शाम के समय शहर में हल्के बादल छाएंगे। गौरतलब है कि सोमवार को दिन में सूरज की तपिश ने शहरवासियों को परेशान किया। वहीं शाम को छाए हल्के बादल और शहर में हुई कुछ देर के लिए बारिश ने गर्मी से राहत दिलायी।

शहर ने सुबह से शाम तक मौसम के सारे नजारे देखे। तेज धूप, बादल, बारिश और सुहानी शाम। प्रफुल्ल चौरसिया आशु

भोपाल स्थित मौसम केंद्र के मौसम विज्ञानी के मुताबिक, वर्तमान में बने पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती घेरे और बनी द्रोणिका के असर इंदौर सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहे, तो कहीं-कहीं बारिश हो रही है। हालांकि मौसम विज्ञानी के मुताबिक, अगले दो से तीन दिन तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। तापमान में 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं शाम के समय इंदौर में बादल भी छाएंगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना भी है।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई : 11 लाख रुपए की अवैध शराब पकड़ी, पुलिस को चकमा देकर भागा ड्राइवर

इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग के दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामचरण डावर के नेतृत्व में गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की पिकअप इंदौर से राऊ होकर धार की तरफ शराब भरकर निकल रही है। आबकारी वृत्त महू अ उपनिरीक्षक अमर सिंह बघेल मय स्टाफ एवं वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर तुरंत बताए गए पते पर नाकेबंदी की गई।

वाहन का पीछा कर वाहन को राऊ इंदौर एबी रोड पर पिपलिया मल्हार में ओवरटेक करके रोका गया। वाहन चालक वाहन को रोककर वाहन से उतरकर भागा जिसे स्टाफ ने पकड़ने का प्रयास किया। वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। आबकारी बल द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बोल्ट बियर कैन की 115 पेटियां पाई गई। वाहन व मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। फरार आरोपी की तलाश जारी है। वाहन व मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य रुपए 11 लाख 31 हजार 200 रूपए है। अवैध मदिरा का संग्रहण एवं परिवहन होने से मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाही निरंतर जारी रहेगी।

# मतदान में इंदौर को बनाया जायेगा नम्बर वन

## ● मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इंदौर के उद्योगपति भी आगे आये ● मतदान करने पर लक्की ड्रा के माध्यम से एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज करेगा अपने कर्मचारियों को सम्मानित



इंदौर। लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान में इंदौर को नम्बर वन बनाया जायेगा। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इंदौर के उद्योगपति भी आगे आये है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के संबंध में आज एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ ली। उन्होंने मतदान के प्रति जागरूकता लाने में अपनी सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। उन्होंने मतदान करने पर अपने कर्मचारियों को लक्की ड्रॉ के माध्यम से सम्मानित करने का निर्णय भी लिया।

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी सीईओ एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, शहर के ऐसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के प्रेसिडेंट योगेश मेहता, सचिव तरूण व्यास, प्रकाश जैन, दिलीप देव, हरिश भाटिया, हरिश नागर, अनिल पालीवाल, प्रमोद डफरियां, सुनील बंसल सहित इंदौर प्लास्ट इण्डस्टीज, मेक इंडिया, एआईएमपी, अल्ट्राकट इण्डस्टीज व विभिन्न इण्डस्टीज के पदाधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए संगठन के पदाधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई।

आयुक्त वर्मा द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढाने के उददेश्य से आज शहर के एसोसिएशन ऑफ इण्डस्टीज के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये सुझाव भी लिये गये। इस अवसर पर आयुक्त वर्मा द्वारा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को स्वंय के साथ ही अपनी इण्डस्टीज में पदस्थ कर्मचारियों को भी मतदान करने की अपील के संबंध में चर्चा की गई। इस पर विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये विभिन्न सुझाव दिये गये। बताया गया कि एसोसिएशन द्वारा मतदान करने आने वाले अपने कर्मचारियों के लिये एक लक्की ड्रॉ कुपन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें चयनित प्रतिभागी को एसोएिशन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। आयुक्त शिवम वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों के सहयोग से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर है, उसी प्रकार आगामी 13 मई को होने वाले मतदान में भी इंदौर को नम्बर वन बनाया जाये। स्वीप अभियान के माध्यम से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हो। मतदान दिवस को त्यौहार की तरह मनाये, अधिक से अधिक मतदाता मतदान करे। इंदौर को मतदान प्रतिशत में भी नंबर वन बनाये।

मध्य प्रदेश के व्यापारी पहुंच रहे चांदनी चौक

# दिल्ली के चुनाव में दिखेगा इंदौरी रंग



**इंदौर, एजेंसी।** आम चुनाव के मौसम में इंदौर और मप्र के व्यापारी कारोबारी भी चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। अनोखी बात तो ये है कि इंदौर, भोपाल, कटनी जैसे शहरों के व्यापारी अपने क्षेत्र या प्रदेश के किसी शहर गांव में नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चुनावी प्रचार में मशगूल रहेंगे। प्रदेशभर से व्यापारी दिल्ली के चांदनी चौक में नजर आएंगे। शाहजहां के काल में बने दिल्ली के इस ऐतिहासिक मशहूर बाजार से भाजपा ने व्यापारियों के प्रतिनिधि को टिकट दे दिया है। असर ये है कि अब इंदौर से लेकर प्रदेश के तमाम शहरों के कारोबारी चांदनी चौक में पहुंचने लगे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारियों का प्रतिनिधि संगठन कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (केट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल को दिल्ली के चांदनी चौक से भाजपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। केट देशभर में व्यापारियों के आंदोलन और मुद्दों पर आवाज उठाने के लिए पहचाना जाता है। बीते वर्षों में यह संगठन देशभर में जीएसटी खामियों से लेकर ई-कामर्स की परेशानियों तक पर हड़ताल और आंदोलन कर चुका है। नई ई-कामर्स नीति बनवाने से लेकर जीएसटी के सुधार के लिए आवाज उठाने वाले इस संगठन ने बीते सालभर में देशभर में बैठकें भी की थी। इंदौर समेत मप्र के तमाम प्रमुख व्यापारिक शहरों में केट के न केवल पदाधिकारी हैं, बल्कि इसकी स्थानीय कार्यकारिणी भी गठित है। ऐसे में अब तक आंदोलनों में साथ रहने वाले व्यापारी अब चुनाव में भी अपने नेता के लिए एक हो गए हैं।

# छात्रवृत्ति संबंधी घोटाले की जांच में भ्रामक व तथ्यहीन जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा अन्य गंभीर लापरवाही करने पर क्षेत्र संयोजक निलंबित

## संभागायुक्त दीपक सिंह द्वारा निलंबन आदेश जारी

इंदौर। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह ने शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन नही करने, विभागीय कार्य योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास आश्रम की मॉनिटरिंग, राहत योजना, आवास सहायता योजना, सी.एम. हेल्पलाईन आदि महत्वपूर्ण योजनाओं में रूचि नही लेने आदि लापरवाही और उदासीनता पर इंदौर के जनजाति कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के संभागीय उपायुक्त कार्यालय में पदस्थ प्रभारी क्षेत्र संयोजक (मंडल संयोजक) रामलाल चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय खंड शिक्षा कार्यालय विकासखंड पानसेमल जिला बड़वानी रहेगा।

बताया गया कि पीजीडीएम छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कतिपय व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों के फर्जी एंव कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सरकार को आर्थिक क्षति कारित करने के संबंध में इंदौर संभाग के महाविद्यालयों की जांच के लिए गठित दल में रामलाल चौहान को सदस्य बनाया गया था। उक्त समिति के सदस्य के रूप में प्रभारी क्षेत्र संयोजक चौहान द्वारा छात्रवृत्ति में अनियमितता संबंधी गंभीर शिकायत प्रकरण में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके परीक्षण उपरांत यह पाया गया कि शिकायत गंभीर प्रवृत्ति की होने के बाद भी प्रभारी क्षेत्र संयोजक चौहान द्वारा विभाग को गुमराह करने का प्रयास करते हुए भ्रामक व तथ्यहीन जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिससे यह स्पष्ट है कि जांच के दौरान प्रभारी क्षेत्र संयोजक चौहान द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वहन में रूचि नहीं ली गई। चौहान को ÷कारण बताओं सूचना पत्र÷ जारी किया गया एंव सूचना पत्र तामील भी करवाया गया। चौहान द्वारा इतने गंभीर प्रकरणों में ÷कारण बताओं सूचना पत्र÷ का उत्तर 09 माह व्यतीत होने के बाद भी प्रस्तुत नही किया गया। जिसके कारण जांच प्रकरण में विधि अनुसार आगामी कार्यवाही करने में बाधा उत्पन्न हुई । चौहान को कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जिला इंदौर में छात्रवृत्ति/आवास सहायता/सी.एम. हेल्पलाइन के गंभीर प्रकरणों के निराकरण हेतु समय सीमा में संपादित करने हेतु आदेशित किया गया था किन्तु उनके द्वारा इस कार्य में कोई रूचि नहीं ली गई फलतः 15 अप्रैल 2024 तक की स्थिति में इंदौर जिले के सी.एम. हेल्प लाईन के कुल 1975 प्रकरण लंबित है। प्रभारी क्षेत्र संयोजक चौहान द्वारा क्षेत्र संयोजक जैसे महत्वपूर्ण पद पर होने के पश्चात् भी इनके द्वारा छात्रावास आश्रमों के निरीक्षण रोस्टर प्रस्तुत नही किया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में किसी भी जिलों के छात्रावास-आश्रमों के निरीक्षण संबंधी कोई भी प्रतिवेदन संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति विकास इंदौर संभाग इंदौर को प्रस्तुत नही किया गया। जिससे इनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में रूचि न लेना स्पष्ट प्रतीत हुआ जो कि गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट पाया गया कि चौहान द्वारा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरतने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने, विभागीय कार्य योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास आश्रम की मॉनिटरिंग, राहत योजना, आवास सहायता योजना, सी.एम. हेल्पलाइन आदि महत्वपूर्ण योजनाओं में रूचि नही लेने का गंभीर कृत्य किया गया है।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, बुधवार 17 अप्रैल, 2024

# संपादकीय

# महंगाई पर नियंत्रण करने का प्रयास

मार्च महीने में खुदरा महंगाई का रुख कुछ नरमी लिए दर्ज हुआ। निस्संदेह यह राहत की बात है। फरवरी में खुदरा महंगाई की दर 5.09 फीसद थी, जो मार्च में घट कर 4.85 फीसद पर आ गई। यह पिछले दस महीनों का सबसे निचला स्तर है।

हालांकि रिजर्व बैंक लगातार दावा करता रहा है कि वह महंगाई पर बहुत जल्दी काबू पा लेगा और इसे चार फीसद पर स्थिर कर सकेगा। स्वाभाविक ही ताजा आंकड़े से रिजर्व बैंक ने कुछ राहत की सांस ली होगी। मगर दावा करना मुश्किल है कि आगे भी महंगाई का रुख नीचे की तरफ ही बना रहेगा।खुदरा महंगाई की दर में आई ताजा कमी की बड़ी वजह तेल, गैस और बिजली की कीमतों का घटना है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिस तरह कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव आ रहा है, उसमें महंगाई को लेकर कोई अंतिम दावा करना कठिन है। खुदरा महंगाई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कोई खास अंतर दर्ज नहीं हुआ है। फरवरी में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 7.8 फीसद दर्ज हुई थी, जो मार्च में घट कर 7.7 हो गई। सबसे चिंता की बात है कि रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाले मोटे अनाज, दूध, अंडे वगैरह की कीमतों में कोई कमी दर्ज नहीं हुई है। आखिर आम लोगों का वास्ता तो इन्हीं चीजों से होता है।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई का अंतर भी चिंता की एक बड़ी वजह है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 5.45 फीसद है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4.14 फीसद है। यह 1.31 फीसद का अंतर पिछले तेईस महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। यानी ग्रामीण लोगों पर महंगाई की मार शहरी लोगों की अपेक्षा अधिक पड़ रही है, जबकि क्रयशक्ति की




दृष्टि से ग्रामीण लोगों की क्षमता शहरी लोगों की अपेक्षा कम होती है। उत्पादन के मामले में तेईस प्रमुख विनिर्माण उद्योगों में से दस का उत्पादन घटा है। रिजर्व बैंक अपनी रेपो दर को यथावत बनाए रख कर महंगाई के मोर्चे पर कामयाबी हासिल करने का प्रयास कर रहा है, मगर जिस तरह अनेक स्तरों पर विसंगतियां और असंतुलन नजर आ रहा है, उसमें महंगाई पर काबू पाना उसके लिए चुनौती बना हुआ है। एक तरफ बड़ी कारों और भवनों की बिक्री में तेजी दर्ज हो रही है, तो दूसरी तरफ औद्योगिक इकाइयों के उत्पादन में कमी देखी जा रही है। जिस मौसम में अनाज, फल और सब्जियों की बाजार में आवक तेज होती है, उसमें भी उनकी कीमतें ऊपर बनी रहती हैं। महंगाई दरअसल, अर्थव्यवस्था में असंतुलन का संकेतक होती है। भले विकास दर के सात फीसद पर रहने के अनुमान और भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के आंकड़ों से देश में समृद्धि के संकेत मिलते हों, पर हकीकत यह है कि खुद सरकार के मुताबिक करीब बयासी करोड़ लोग मुफ्त के राशन पर निर्भर हैं। रोजगार के मामले में स्थिति निरंतर भयावह होती जा रही है।

सामान्य बोध यही है कि रोजगार के नए अवसर सृजित होते हैं तो लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है और उससे बाजार में पूंजी का प्रवाह तेज होता है। मगर इस दिशा में कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाए जा पा रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर ईंधन की कीमतों में कमी करने से महंगाई का रुख जरूर कुछ नीचे की तरफ हो गया है, पर यह स्थायी और व्यावहारिक समाधान नहीं है। बुनियादी कमजोरियों को दूर किए बिना शायद ही जमीन पर बेहतरी नजर आए।

## प्रत्येक वोट जरूरी है पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

- प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल
- प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये का
- चयनित 10 प्रतिभागियों को 5100 रुपये का दिया जाएगा विशेष पुरस्कार

इंदौर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ÷प्रत्येक वोट जरूरी है÷ विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि द्वश्च.द्व4द्दश्1.द्बठ्ठ पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

### विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि

1. प्रथम पुरस्कार - ● 51,000 एवं प्रमाण पत्र
2. द्वितीय पुरस्कार - ● 21,000 एवं प्रमाण पत्र
3. तृतीय पुरस्कार - ● 11,000 एवं प्रमाण पत्र
4. 10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**नियम एवं शर्तें-** प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए। प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें। पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।

## मां बिरासनी देवी मंदिर उमरिया में ऑटोमेटिक नारियल फोड़ने की मशीन और ढोल पूजा मशीन वर्षों से बंद, प्रबंधन की अनदेखी





उमरिया। बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया मप्र के प्रसिद्ध मां बिरासनी देवी मंदिर अव्यवस्थाओं का बड़ा केंद्र है। यहां ऑटोमेटिक नारियल फोड़ने की मशीन और ढोल पूजा मशीन बरसों से बंद पड़ी है।

चैत्र नवरात्रि का समय चल रहा है दूर-दूर से हजारों लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमरिया के प्रसिद्ध मां बिरासनी देवी मंदिर में पहुंच रहे हैं पर यहां असुविधाओं और और कुप्रबंधन का आलम यह है कि दानदाता संदीप अग्रवाल ने 2010 में नारियल फोड़ने की मशीन दी थी जिसे कुछ महीने चलाने के बाद ही बंद कर दिया गया। ऐसी ही एक मशीन जो पूजा के थाल और ढोल बजाने के काम आती है उसे भी मंदिर प्रशासन मेंटेनेंस के नाम से कई वर्षों से बंद किए हुए हैं। जिला प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा कि आखिर ये अव्यवस्थाएं क्यों फैल रही है इससे श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं।

## राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी

### बात यहां से शुरू करते हैं...

# अपने और परायों की घेराबंदी के बीच किला लड़ाते कमलनाथ

**अरविंद तिवारी**



दाद देना पड़ेगी कांग्रेस के दिग्गज और इंदिरा गांधी के तीसरे पुत्र माने जाने वाले कमलनाथ को। अपने परम्परागत निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में कमलनाथ इस बार वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं। बेटे नकुलनाथ को एक बार फिर संसद में पहुंचाने के लिए उन्होंने कोई कसर बाकी नहीं रखी। 70 पार हो चुके कमलनाथ को इस बार दो मोर्चों पर लडऩा पड़ रहा है। भाजपा ने तो उन्हें निपटाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है, कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए नेता भी अपने नंबर बढ़ाने के लिए मोर्चा खोलकर बैठे हैं। इस सबके बीच कमलनाथ वोटर का भरोसा जीतने में लगे हैं। उनको पूरा भरोसा है कि तमाम हथकंडों के बीच वोट तो नकुलनाथ को ही मिलेंगे। मैदान का माहौल देखा तो ऐसा लगता है कि चुनाव नकुलनाथ नहीं कमलनाथ ही लड़ रहे हैं।

**दिल्ली में मजबूती का फायदा मध्यप्रदेश में ले रहे हैं मुख्यमंत्री**

दिल्ली में मजबूत होने का मुख्यमंत्री मोहन यादव को मध्यप्रदेश में पूरा फायदा मिल रहा है। भाजपा के मध्यप्रदेश के दिग्गज भी अब यह मानने लगे हैं कि मुख्यमंत्री दिल्ली में बहुत मजबूत हैं। पिछले दिनों मध्यप्रदेश में चुनावी सभाएं लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस अंदाज में मुख्यमंत्री की तारीफ की उसे कोई अनदेखा नहीं कर पा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री के संबंध कितने प्रगाढ़ हैं, इसका अहसास तो मुख्यमंत्री पद पर डॉ. यादव की ताजपोशी के साथ ही हो गया था। विद्यार्थी परिषद की राजनीति में यादव, नड्डा के साथी रहे हैं। अब बचे गृहमंत्री अमित शाह तो पिछले तीन महीनों में मुख्यमंत्री ने उन्हें साधने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

**बड़ी चर्चा है कैबिनेट में एक वरिष्ठ मंत्री के तीखे तेवर की**

मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह और शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री रहते हुए कैबिनेट की बैठकों में मंत्रियों के मुखर रहने की बात तो आम थी। दोनों नेता एक हद तक बोलने का मौका देते थे, लेकिन जब पानी सिर के ऊपर निकलने लगता तो फिर टोक देते थे। अभी हम बात कर रहे हैं, एक ताजा वाकिये की। सुनने में आ रहा है कि सामान्यत- बहुत सलीके से अपनी बात रखने वाले एक वरिष्ठ मंत्री आचार संहिता लागू होने के पहले हुई कैबिनेट की बैठक में एक मुद्दे पर अपने तीखे तेवर दिखाने से पीछे नहीं हटे। अपने विभाग से संबंधित एक मुद्दे पर नौकरशाही के रवैये से नाराज मंत्री जिस अंदाज में कैबिनेट में मुखर थे, उससे मुख्यमंत्री भी चौंक पड़े।

**लालवानी की बंद मुट्ठी और कार्यकर्ताओं की बेचैनी**

चुनाव के दौर में यदि कार्यकर्ता सत्तापक्ष के उम्मीदवार की जेब सिली होने की बात कहे तो चौंकना स्वाभाविक है। लोकसभा चुनाव में अपनी जीत तय मानकर चल रहे सांसद शंकर लालवानी ने जिस तरह अपनी मुट्ठी बंद कर रखी है, उससे कार्यकर्ताओं में बड़ी बेचैनी है। खुसर-फुसर इस बात को लेकर हो रही है कि सांसद जी जेब में हाथ ही नहीं डाल रहे हैं। %संसाधन% की बात करो तो जावरा कंपाउंड की ओर इशारा करते हुए कहते हैं कि सबकुछ वहीं से हो रहा है। कार्यकर्ताओं की ओर से कोई बात आती है तो कुछ बेहद सक्रिय नजदीकी लोगों के माध्यम से यह खबर करवा दी जाती है कि अभी तो काम करो, बाद में सब देख लेंगे।

**इधर विधानसभा में बंपर जीत, उधर पिंगले को मिली बड़ी जिम्मेदारी**

काम का मूल्यांकन करने और उसके आधार पर जिम्मेदारी सौंपने के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कोई सानी नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में राऊ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत को संघ ने प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था। तब के विभाग संपर्क प्रमुख विनय पिंगले को यहां का प्रभारी बनाते हुए संघ ने पर्दे के पीछे सारे सूत्र अपने हाथ में ले लिए थे। यह संघ के कार्यकर्ताओं की रणनीति का ही परिणाम था कि भाजपा उम्मीदवार को बड़ी जीत मिली। निश्चित तौर पर इस जीत से आप प्रांत में सह संपर्क प्रमुख की भूमिका निभा रहे पिंगले का कद बढ़ा। इस बार के लोकसभा चुनाव में संघ ने उन्हें पूरे संसदीय क्षेत्र का प्रभार सौंपा है। रूपेश पाल और नंदकिशोर नागर उनके साथ सहप्रभारी की भूमिका में हैं।

**इंदौर की गौशाला और ग्वालियर के गौशाला स्पेशलिस्ट बाबा**

कागजों पर भले ही कोई लिखा-पढ़ी नहीं हुई हो, लेकिन इंदौर नगर निगम ने यशवंत सागर के नजदीक स्थित अपनी गौशाला, गौशाला के एक्सपर्ट माने जाने वाले ग्वालियर के एक बाबाजी को सौंप दी है। बाबा ने अपने 10-12 चेले चपाटियों के साथ यहां डेरा डाल दिया है और इन दिनों नगर निगम के अफसर को निर्देश देकर गौशाला के कायाकल्प में जुटे हैं। निगम की कोशिश इस गौशाला को बाबा की ग्वालियर स्थित आदर्श गौशाला के स्वरूप में लाने की है। चूंकि मामला अभी कागजों पर आया ही नहीं है, इसलिए यह बात भी उठने लगी है कि आखिर करीब 200 करोड़ की यह संपत्ति इन वजनदार बाबा के जिम्मे किस आधार पर की गई।

कांग्रेस, अक्षय बम और सौदेबाजी की इन्तहा

लोकसभा चुनाव के नतीजे का अंदाज कम से कम इंदौर में तो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को है ही। उम्मीदवार अक्षय कांति बम का फाइनेंशियल स्टेटस भी उनसे छुपा हुआ नहीं है। मौके का फायदा हर व्यक्ति उठाना चाहता है और यही कारण है कि अपनी हैसियत को समझे बगैर कई नेता उनके समर्थक कार्यकर्ता सौदेबाजी में लग गए हैं। रोज सुबह से शाम तक हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से उन्हें जंचाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है और सबका लक्ष्य एक ही है कि अक्षय का फायदा हो या न हो, यह चुनाव उनके लिए फायदे का सौदा बन जाए।

**चलते-चलते-** डीजी सुधीर सक्सेना ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले में ज्यादा दखल देना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन अच्छे अफसर के साथ अन्याय हो तो चुप भी नहीं बैठते हैं। साफ-सुथरी और सख्त अफसर की छवि वाले अनुराग को इंदौर रेंज का आईजी बनवाने के बाद डीजी ने झाबुआ में बहुत अच्छा काम करने के बावजूद कम समय में हटा दिए गए युवा आईपीएस अफसर अगम जैन को छतरपुर का एसपी बनवाने में भी अहम भूमिका निभाई।

लोकसभा चुनाव सामने है। ऐसा लग रहा था कि इस बार 14 अप्रैल तो महू में बाबा साहेब की जन्मस्थली पर नेताओं का तगड़ा मजमा लगेगा। केंद्र और राज्य के नेता बाबा साहेब को याद करने महू आएंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं, न तो कोई केंद्रीय मंत्री, न ही मुख्यमंत्री और यहां तक कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष महू पहुंचे। महू के प्रति नेताओं की यह अरुचि कहीं दरकते दलित वोट बैंक के कारण तो नहीं।

**पुछल्ला-** पूर्व मुख्य सचिव इकबालसिंह बैंस के खासमखास रहे अफसर इन दिनों बड़े परेशान हैं। मुख्य सचिव वीरा राणा को तमाम पूर्वाग्रह और दुराग्रह से परे रहकर काम कर रही हैं, लेकिन आईएएस अफसरों की जो लॉबी इन दिनों पॉवरफुल है वह बैंस के नजदीकी रहे अफसरों को निपटाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं।

**बात मीडिया की**

-दो महीने तक अलग-अलग स्तर की कवायद के बाद अब दैनिक भास्कर प्रबंधन अपने संपादकों के परफामेंस की भी समीक्षा कर रहा है। इसी समीक्षा के आधार पर कई संपादकों का भविष्य तय होगा। इशारा साफ है कि जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला झाडऩे वाले संपादक भी निशाने पर आ सकते हैं।

-नई-नई तकनीकों को अपनाने के बावजूद दैनिक भास्कर का प्रबंधन अखबार की प्रोडक्शन क्वालिटी से संतुष्ट नहीं है। पिछले दिनों अखबार के मालिकों में से एक पवन अग्रवाल इस मुद्दे पर प्रोडक्शन से जुड़े वरिष्ठ लोगों को तलब कर अपनी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं।

-लिकर किंग सूरज रजक जल्दी ही मीडिया इंडस्ट्री में कदम रखने वाले हैं। उनका यह प्रोजेक्ट प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों में रहेगा।

-विश्वनाथ सिंह दैनिक भास्कर के इंदौर संस्करण में सिटी फ्रंट पेज प्रभारी के साथ-साथ सिटी चीफ की भूमिका भी निभा रहे हैं।

-भास्कर डिजिटल में बड़ा बदलाव हुआ है। मध्यप्रदेश में बड़ी भूमिका निभा रहे वरिष्ठ पत्रकार मोहन बागवान अब लखनऊ में बड़ी भूमिका में रहेंगे।

-राजस्थान से मध्यप्रदेश लाए जा रहे किरण राजपुरोहित अब भास्कर डिजिटल इंदौर में मोर्चा संभालेंगे।

-दबंग दुनिया में संपादक की भूमिका में आने के बाद मनीष यादव अखबार को शहर से जोड़ने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं।


## इंदौर में मतदान कर्मियों की योग्यता जाँचने के लिए नवाचार के तहत ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था

**-प्रशिक्षण के पहले दिन परीक्षा में शामिल हुए 1967 मतदान कर्मियों में से 1949 हुए पास- 18 मतदान कर्मी हुए फेल**

**-फेल कर्मियों को लेना होगा दूसरी बार प्रशिक्षण**

इंदौर। इंदौर में लोकसभा निर्वाचन के तहत होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों के गठन की प्रक्रिया चल रही है। इन मतदान दलों में नियुक्त होने वाले पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की पहल पर प्रशिक्षण उपरान्त उपरोक्त मतदान कर्मियों की योग्यता को जाँचने के लिए नवाचार के तहत प्रदेश में पहली बार ऑनलाईन परीक्षा की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण के पहले दिन इस परीक्षा में 1967 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इसमें से 1949 मतदान कर्मी पास हुये तथा 18 मतदान कर्मी फेल हुये। फेल मतदान कर्मियों को दूसरी बार प्रशिक्षण लेना होगा। दूसरी बार का प्रशिक्षण 19 अप्रैल को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा इंदौर विकास प्राधिकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार ने बताया कि मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का सिलसिला 15 अप्रैल से होलकर कॉलेज में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का पहला सत्र 19 अप्रैल तक चलेगा। इसमें लगभग 10 हजार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि मतदान कर्मियों की योग्यता जाँचने के लिए नवाचार करते हुये ऑनलाईन परीक्षा की व्यवस्था की गई है। पहले दिन आयोजित प्रशिक्षण में 1967 मतदान कर्मी शामिल हुये। इनमें से शत-प्रतिशत अंकों के साथ 994 मतदान कर्मी उत्तीर्ण हुये। साथ ही 405 मतदान कर्मियों को 90 प्रतिशत, 262 को 80 प्रतिशत, 150 को 70 प्रतिशत, 91 को 60 प्रतिशत तथा 47 को 50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये। इससे नीचे के 18 मतदान कर्मियों को फेल माना गया। इन्हें 19 अप्रैल को पुन-प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदान में किसी भी तरह की गलती नही हो इसको देखते हुये बहुत ही सूक्ष्मता के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रयास यह है कि चुनाव ड्यूटी में किसी भी तरह की गलती नही हो। प्रशिक्षण के तत्काल बाद ऑनलाईन परीक्षा की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह द्वारा चुनाव शुद्ध रूप से और बिना गलती के कराने के लिए यह नवाचार किया गया है।

आपकी शिकायत/समस्याओं में
आपका साथी
दैनिक सद्भावना पाती




शिकायत / पत्र संपादक के नाम
आप किसी समस्या, शिकायत, मुद्दे, जानकारी, गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, नियम विरुद्ध काम आदि की शिकायत संपादक के नाम व्हाट्सएप पर भेज सकते हैं।
सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल में सीएम हेल्पलाइन 181 एप डाउनलोड करें
और उस पर शिकायत उपरांत हमे उसका स्क्रीन शॉट और फोटो भेजें।
हम उस शिकायत को दैनिक सद्भावना पाती में प्रकाशित करेंगे और आपकी समस्या/शिकायत को शीघ्र खत्म करने का प्रयास करेंगे।
केवल व्हाट्स एप करें, कॉल न करें।
व्हाट्सऐप न. 9685611304
ईमेल आईडी- reporter.spnews@gmail.com
नोट :- जनहित की समस्याओं पर उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, बुधवार 17 अप्रैल, 2024



संक्षिप्त समाचार

## राजस्व: एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स

### केबल ब्रॉडबैंड यूजर 20 फीसदी बढ़े; हर माह 24 जीबी डेटा की खपत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है।
एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के



रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना से शेष शामिल हैं।

**केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी**– देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, यह संख्या में 2021 में 16 प्रतिशत, 2022 में 19 प्रतिशत और 2023 में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन के प्रसार ने 95 फीसदी भारतीय आबादी को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है। ट्राई के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 फरवरी, 2024 तक, केबल लाइनों पर 3.9 करोड़ की तुलना में मोबाइल उपकरणों (मोबाइल डेटा उपयोगकर्ता) के माध्यम से ब्रॉडबैंड ग्राहक 87.6 करोड़ थे। इसके अलावा भारतीय उपयोगकर्ताओं ने 2023 तक मोबाइल उपकरणों पर प्रति माह औसतन 24 जीबी डेटा का इस्तेमाल किया।

# एमजीएम मेडिकल कालेज: एमबीबीएस के परिणाम के विरोध में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कालेज के एमबीबीएस के 46 विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा में फेल करने के मामले में जांच के दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इसके विरोध में एबीवीपी ने मंगलवार को एमजीएम मेडिकल कालेज में विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार दोपहर को एमजीएम मेडिकल कालेज में प्रदर्शन के दौरान नईदुनिया में प्रकाशित खबर को विद्यार्थियों द्वारा जिम्मेदारों को दिखाया गया, जिसमें विद्यार्थियों के फेल होने की गड़बड़ी को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

बता दें कि जांच कि इसमें यह सामने आया कि 46 नहीं बल्कि बैच के 160 विद्यार्थियों को भ्रम के कारण कम अंक दिए गए हैं। इस गड़बड़ी का कारण क्लर्क द्वारा अंक अपलोड करने में चूक और परीक्षक द्वारा विश्वविद्यालय को अंक जमा



करने से पहले इस गलती को न पकड़ पाना है। हालांकि एमजीएम मेडिकल कालेज ने सोमवार को अपनी ओर से यह गलती भी स्वीकार कर ली है। कॉलेज ने यह भी कहा कि संशोधित अंकों की नई सूची मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी (एमपीएमएसयू) जबलपुर को तदनुसार परिणाम अपडेट करने के अनुरोध के साथ भेजी जाएगी।

एमपीएमएसयू परीक्षा नियंत्रक डा. सचिन कुच्या ने कहा कि उन्होंने मेडिकल कॉलेज से सभी परीक्षकों द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित शपथ पत्र भेजने को कहा है। अंतिम निर्णय के लिए मामले को परीक्षा बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। बैच के परिणामों को संशोधित करने के साथ, विश्वविद्यालय को अंतिम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों की राज्य मेरिट सूची को भी संशोधित करना पड़ सकता है।

एक परीक्षक ने की गड़बड़ी

सूत्रों के मुताबिक यह गड़बड़ी एक परीक्षक ने की, जिसने 60 अंकों के स्थान पर कुल 10 अंकों से छात्रों का मूल्यांकन किया था। क्लर्क दिए गए अंकों को पूरे छह से गुणा करने में चूक गया और परीक्षक भी विश्वविद्यालय को अंक जमा करने से पहले इस गलती को पकड़ने में विफल रहे। एक वरिष्ठ प्रोफेसर ने कहा कि इस गड़बड़ी ने न केवल उन 46 विद्यार्थियों को प्रभावित किया जो प्रायोगिक परीक्षा में फेल रहे, बल्कि बैच के सभी विद्यार्थियों के परिणाम और योग्यता पर भी असर पड़ा है। अंकों को संशोधित करने के लिए एमपीएमएसआइ के साथ मेडिकल कॉलेज के प्रारंभिक अनुरोध को मेडिकल विश्वविद्यालय ने खारिज कर दिया है और कॉलेज से गड़बड़ी का उल्लेख करते हुए एक शपथ पत्र भेजने के लिए कहा है।

एचओडी सर्जरी विभाग डॉ. मनीष कौशल ने बताया कि उन्होंने प्रैक्टिकल परीक्षा के अंकों की दोबारा गणना की और तकनीकी त्रुटि पाई। हमने त्रुटि को सुधार लिया है और परिणाम को संशोधित करने के लिए एमपीएमएसयू को एक शपथ पत्र भेज रहे हैं। शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी परीक्षकों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। इनमें से एक छुट्टी पर है। हम औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शपथ पत्र भेजेंगे।

## विदेश से मिला हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेडको 500 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में गिरावट के बीच हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड के शेयरों में उछाल है। मंगलवार यानी आज के कारोबार में शेयरों में तब तेजी आई, जब कंपनी ने कहा कि उसे ऑटोमोबाइल ड्राइवलाइन कंपोनेंट एंड सिस्टम के एक अग्रणी वैश्विक टियर 1 निर्माता से ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत कंपनी यात्री वाहनों (यूटिलिटी वाहन/पिकअप ट्रक) के लिए ब्रेक फ्लैंज की सप्लाई करेगी। कंपनी ने ऑर्डर देने वाले का नाम नहीं बताया , लेकिन कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है। ऑर्डर को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही या वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से दिसंबर 2034 तक खत्म किया जाना है।

इस ऑर्डर का मूल्य 69 करोड़ से 70 करोड़ सलाना है, जो पूरी अवधि के लिए लगभग 500 करोड़ है। आज दोपहर 1.00 बजे हैप्पी फोर्जिंग्स के शेयर 4.71 प्रतिशत बढ़कर 948 पर कारोबार कर रहे थे। पिछले महीने में स्टॉक में 16.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पंजाब के लुधियाना स्थित हैप्पी फोर्जिंग्स ऑटो कंपोनेंट के निर्माण में शामिल है। कंपनी भारत में ग्राहकों के लिए स्टीयरिंग नक्कल्स, फ्रंट एक्सल बीम, बेवेल गियर, काउंटर शाफ्ट और ट्रांसमिशन कंपोनेंट का प्रोडक्शन और मार्केटिंग करती है। साल फरवरी में कंपनी को एसयूवी के लिए पूरी तरह से मशीनीकृत कंपोनेंट की आपूर्ति के लिए 400 करोड़ का ऑर्डर मिला था।

हैप्पी फोर्जिंग्स साल 2023 के अंतिम आईपीओ में से एक था और इसके इश्यू प्राइस 850 प्रति शेयर पर 18 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट किया गया था। स्टॉक अपने आईपीओ मूल्य 850 से 11 प्रतिशत अधिक पर कारोबार कर रहा है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1087.40 रुपये है।

## एमपी पीएससी ने राज्य वनसेवा मुख्य परीक्षा 2023 को लेकर प्रक्रिया शुरू की

### चयनित अभ्यर्थी 25 अप्रैल से कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने राज्य वनसेवा मुख्य परीक्षा 2023 को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी। आयोग ने प्रारंभिक परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगवाए हैं। यह प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों के पास महज 20 दिनों का समय है। 14 मई फार्म भरने की आखिरी तारीख है।

परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को 23 जून को एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे, जबकि आयोग ने 30 जून को परीक्षा रखी है। अधिकारियों के मुताबिक, 15 से 22 मई तक तीन हजार रुपये और 24 से 30 मई तक 25 हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा होंगे। वहीं परीक्षा के लिए चार जिलों में केंद्र बनाएंगे। इनकी सूची अगले महीने निकाली जाएगी।

राज्य वन सेवा परीक्षा 2023 के माध्यम से 138 बैकलाग पदों पर भर्तियां निकाली। इसमें 12 सहायक वन संरक्षक और 126 रेंजर रखे गए। 17 दिसंबर 2023 को प्रारंभिक परीक्षा हुई। महीनेभर बाद 25 जनवरी को रिजल्ट घोषित किया गया। आयोग ने 87-13 अनुपात के आधार पर मुख्य व प्रावधिक सूची निकाली है। करीब 2961 अभ्यर्थी को चयनित किया है। पहले आयोग ने 45 दिन में मुख्य परीक्षा रखा दी।

भारी विरोध के बाद परीक्षा कार्यक्रम को बदलना पड़ा। फरवरी में आयोग ने परीक्षा आगे बढ़ाते हुए 30 जून कर दी। सप्ताहभर पहले पीएससी की वेबसाइट पर मुख्य परीक्षा में आवेदन करने को लेकर अधिसूचना निकाली थी। अभ्यर्थियों को सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करना होंगे। 25 अप्रैल से 14 मई तक लिंक खुली रहेगी। इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जिसमें सरकारी स्कूल और कालेजों में अभ्यर्थियों की बैठक व्यवस्था की जाएगी। 30 जून को अभ्यर्थियों का दोपहर 12 से 3 बजे तक पेपर होगा, जिसमें मध्य प्रदेश राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान, वानिकी व सामान्य विज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

## NTA released online applications for NCET 2024

The National Testing Agency (NTA) has released online applications for the National Common Entrance Test (NCET) 2024. Interested candidates can apply for the exam at the official website — nta.ac.in or ncet.samarth.ac.in.

Candidates have time till April 30 (11:50 pm) to fill the online application form. Applicants will be given time from May 2 to 4 to make corrections in their online application form. The advanced city intimation slip will be released in the last week of May, and admit cards will be released three days before the exam date.

As per the official exam calendar, the NCET 2024 will be held on June 12 (Wednesday). The release dates for answer key and result will be announced later by NTA. What is NCET 2024? NCET 2024 is an entrance exam conducted for admission to four year Integrated Teacher Education Programme (ITEP) in selected Central/ State University/ institutions including IITs, NITs, RIEs, and government colleges for the academic session 2024-25. ITEP is a dual major programme, in which the first major is in Education with School Specific Stage specialisation and the second major is in an opted discipline. NTA has been entrusted with the responsibility of conducting NCET, which will be conducted in 178 cities and 13 mediums across India in Computer Based Test (CBT) mode.

Exam scheme

NCET 2024 will be conducted in English, Hindi, Assamese, Bengali, Gujarati, Kannada, Malayalam, Marathi, Odia, Punjabi, Tamil, Telugu, Urdu.

In total, there will be 160 questions to be attempted out of 181 questions. All questions will be Objective type Multiple Choice Questions (MCQs).

## IIT Delhi among the top 50 institutions in QS World University Rankings 2024 in Engineering and Technology

Indian Institute of Technology (IIT) Delhi is placed among the top 50 institutions in the world in QS World University Rankings 2024 in the subject area of Engineering and Technology. The institute is ranked 45 in the QS World University Rankings by Subject 2024.

IIT Delhi has also been included among the top 100 institutions in the world in eight specific subject areas. The specific areas include:

- **Civil and Structural Engineering (Global Rank 39)**
- **Mechanical Engineering (Global Rank 50)**
- **Electrical and Electronic Engineering (Global Rank 55)**
- **Computer Science and Information Systems (Global Rank 63)**
- **Chemical Engineering (Global Rank 86)**

In Civil Engineering, Electrical, and Computer Science Engineering, IIT Delhi is in the top position in the country and holds the second position in Mechanical Engineering and Chemical Engineering.

In the Natural Sciences category, IIT Delhi featured among the top 100 world institutions in Material Sciences and Environmental Sciences. The institute has a global rank of 89 in Material Science and 100 in Environmental Sciences (Global Rank 100).

At the national level, the institute is in the top position in the Environmental Sciences and holds the third position in the Material Sciences. The Institute also featured among the top 100 world institutions in the specific subject area of Business and Management Studies with a global rank of 91

## UPSC declared Civil Services mains result 2023

### Aditya Srivastava and Animesh Pradhan scored AIR 1 and 2 respectively

The Union Public Service Commission (UPSC) declared the Civil Services mains result 2023. Aspirants who took the exam can check the merit list at the official website – upsc.gov.in. This year, Aditya Srivastava and Animesh Pradhan have scored AIR 1 and 2 respectively, followed by Donuru Ananya Reddy at the third spot. A total number of 1016 candidates have been recommended for appointment. The roll number of candidates who have qualified the exam has been released by the UPSC. The candidature of 355 recommended candidates has been kept provisional and as many as 240 candidates have been put in a reserved list. According to the UPSC data shared today, the government has reported 1,143 vacancies — 180 in IAS, 37 in IPS, 200 in IPS, 613 posts in different central Group A services and 113 in Group B services — to be filled through the civil services examination 2023. The CSE main exam was held in subjective mode over two shifts from September 15 to September 24. Each shift lasted three hours, held in the morning from 9 am to 12 pm and afternoon from 2 pm to 5 pm. A total of 347 general candidates have been nominated, 116 EWS category candidates, 303 OBC, 165 SC and 86 ST candidates. The recommended candidates also include 30 persons with benchmark disability (16 orthopedically handicapped, six visually challenged, five hearing impaired and three with multiple disabilities).

Out of the total 10,16,850 candidates applying for the UPSC Civil Services examination, as many as 5,92,141 candidates actually appeared. Of them, 14,624 candidates qualified for the UPSC CSE Main (written) exam and a total of 2,855 candidates qualified for the interview and personality test of the examination.

UPSC also has set up a "facilitation counter" near the examination hall in its campus. "Candidates can obtain any information/clarification regarding their examinations/recruitments on the working days between 10:00 hours to 17:00 hours in person or over telephone nos. 23385271/23381125/2309 8543," the commission said.

## राधाकिशन दमानी ने खरीदे इस कंपनी के 2.33 लाख शेयर, 3800 रुपये के पार पहुंचा शेयर का दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमजोर बाजार में भी वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 3816 रुपये पर पहुंच गए हैं। दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी ने वीएसटी इंडस्ट्रीज के और शेयर खरीदे हैं। दमानी ने वीएसटी इंडस्ट्रीज के 2.33 लाख शेयर या कंपनी में 1.51 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी है। दमानी ने 3689.96 रुपये प्रति शेयर के दाम पर वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर खरीदे हैं।



**अब कंपनी में दमानी की हिस्सेदारी हुई 34.4 प्रतिशत**– दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी की दिसंबर 2023 तिमाही में वीएसटी इंडस्ट्रीज में 32.89 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। दमानी ने अब कंपनी के 2.33 लाख शेयर 86.25 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। वीएसटी इंडस्ट्रीज में उनकी हिस्सेदारी अब बढ़कर 34.4 पर्सेंट हो गई है। इस साल जनवरी में दमानी ने वीएसटी इंडस्ट्रीज में 1.44 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदी थी, जिसके बाद कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 30 पर्सेंट के लेवल के पार पहुंच गई थी और वह कंपनी के सबसे बड़े शेयरहोल्डर बन गए थे, क्योंकि वीएसटी इंडस्ट्रीज में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 32.16 पर्सेंट है।

**कंपनी के शेयरों ने दिया 1800 प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न**– वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों ने पिछले कुछ साल में 1800 पर्सेंट से ज्यादा का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर 8 अप्रैल 2004 को 197.65 रुपये पर थे। वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर 16 अप्रैल 2024 को 3816 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 4328.45 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 3159.90 रुपये है। पिछले एक साल में वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयरों में 15 पर्सेंट के करीब तेजी देखने को मिली है।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, बुधवार 17 अप्रैल, 2024





# 17 अप्रैल को राम नवमी, जानिए पूजा का शुभ मुहूर्त, विधि और महत्व

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

हिंदू धर्म में राम नवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म हुआ है। राम नवमी का पर्व चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन हो जाता है। राम नवमी पर भगवान राम की विशेष पूजा पूजा और आराधना की जाती है। इस दिन भगवान राम संग माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा की जाती है। आइए जानते हैं राम नवमी की पूजा विधि, शुभ मुहूर्त और कथा।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 16 अप्रैल को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट से शुरू हो जाएगी। नवमी तिथि का समापन 17 अप्रैल को दोपहर 03 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर राम नवमी का त्योहार 17 अप्रैल 2024 को मनाया जा जाएगा।

## राम नवमी शुभ मुहूर्त

इस वर्ष राम नवमी पर प्रभु श्रीराम की पूजा के लिए शुभ मुहूर्त का समय 17 अप्रैल को सुबह 11 बजकर 03 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस तरह से राम नवमी पर पूजा के लिए कुल 2 घंटे और 35 मिनट का समय मिलेगा।

राम नवमी मध्याह्न का समय- 12. 20

विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से लेकर 03 बजकर 24 मिनट तक।

गोधूलि मुहूर्त- शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।

## राम नवमी पूजा विधि

राम नवमी का त्योहार हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार होता है, जिसे देश-दुनिया में बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। राम नवमी के दिन सबसे पहले सुबह जल्दी उठकर स्नान करके पवित्र होकर और साफ-सुथरे कपड़े धारण करें। फिर इसके बाद पूजा स्थल की सफाई करें। हाथ में अक्षत लेकर व्रत करने का संपल्प लें फिर भगवान राम की पूजा-अर्चना पूजन सामग्री के साथ आरंभ करें। सबसे पहले भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण और भगवान हनुमान की प्रतिमा को स्थापित करें और सबको रोली, चंदन, धूप, फूल, माला, इत्र आदि से षोडशोपचार पूजन करें। फिर इसके बाद भगवान राम की पूजा में कई तरह फल, मिष्ठान, फूल और गंगाजल का इस्तेमाल करें। भगवान राम की पूजा में तुलसी के पत्तों और कमल के फूल का प्रयोग अवश्य करें। इसके बाद अपनी इच्छा के अनुसार रामचरितमानस, रामायण और रामरक्षास्तोत्र का पाठ करें। अंत में भगवान राम, माता सीता और हनुमान जी की आरती करते हुए पूजा संपन्न करें। पूजा के बाद सभी प्रसाद वितरित करें।

## राम नवमी का महत्व

राम नवमी का त्योहार हर साल बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव के साथ पूरे देश में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान राम विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्म लिया था। वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के यहां बड़े पुत्र के रूप में लिया था। धार्मिक मान्यता के अनुसार राम का जन्म रावण के वध के लिए हुआ था। इस कारण से हर साल राम नवमी का पर्व भगवान राम के जन्म दिवस के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है।

वैदिक पंचांग के अनुसार राम नवमी का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को पड़ता है और यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन भी होता है। पूरे देश में इस दिन शक्ति की आराधना के साथ राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जा जाता है। देशभर इस दिन जगह-जगह धार्मिक जुलूस भी निकाले जाते हैं। राम नवमी के दिन मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। इस पूरे दिन उपवास रखकर मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से सीख लिया जाता है।

सूर्यास्त के बाद व्रत का पारण करते हुए समापन किया जाता है।




# राम से भी बड़ा राम का नाम

**'राम' सिर्फ एक नाम नहीं हैं और न ही सिर्फ एक मानव। राम परम शक्ति हैं। प्रभु श्रीराम के द्रोहियों को शायद ही यह मालूम है कि वे अपने आसपास नर्क का निर्माण कर रहे हैं। इसीलिए यह चिंता छोड़ दो कि कौन प्रभु श्रीराम का अपमान करता है और कौन सुनता है। कौन जपता है और कौन नहीं जपता है।**

कहते हैं कि प्रभु श्रीरा राम का नाम राम से भी बड़ा है। राम राम जपने से कई लोगों को मोक्ष प्राप्त हो गया। राम एक महामंत्र है, जिसे हनुमान ही नहीं भगवान शिव भी जपते हैं। राम से पहले भी राम का नाम था। प्राचीन काल में राम ईश्वर के लिए संबोधित होता था।

## राम या मार

राम का उल्टा होता है म, अ, र अर्थात मार। मार बौद्ध धर्म का शब्द है। मार का अर्थ है- इंद्रियों के सुख में ही रत रहने वाला और दूसरा आंधी या तूफान। राम को छोड़कर जो व्यक्ति अन्य विषयों में मन को रमाता है, मार उसे वैसे ही गिरा देती है, जैसे सूखे वृक्षों को आंधियां।

## राम नाम कहने का अर्थ

- एक बार राम कहा तो संबोधन हुआ। राजस्थान में कहते हैं राम सा। आपके सारे दु:ख हरने वाला सिर्फ एकमात्र नाम है- 'हे राम।'
- दो बार राम कहा तो अभिवादन हुआ। उत्तर भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कहते हैं राम राम।
- तीन बार राम कहा तो संवेदना हुई। जैसे 'ये क्या हुआ राम राम राम।'
- चार बार राम कहा तो भजन हुआ।

## तारणहार राम का नाम

राम का नाम जपने वाले कई संत और कवि हुए हैं। जैसे कबीरदास, तुलसीदास, रामानंद, नाभादास, स्वामी अग्रदास, प्राणचंद चौहान, केशवदास, रैदास या रविदास, दादूदयाल, सुंदरदास, मलूकदास, समर्थ रामदास आदि। श्रीराम-श्रीराम जपते हुए असंख्य साधु-संत मुक्ति को प्राप्त हो गए हैं।

## जीवन रक्षक नाम

प्रभु श्रीराम नाम के उच्चारण से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो लोग ध्वनि विज्ञान से परिचित हैं वे जानते हैं कि 'राम' शब्द की महिमा अपरम्पार है। जब हम 'राम' कहते हैं तो हवा या रेत पर एक विशेष आकृति का निर्माण होता है। उसी तरह चित्त में भी विशेष लय आने लगती है। जब व्यक्ति लगातार 'राम' जप करता रहता है तो रोम-रोम में प्रभु श्रीराम बस जाते हैं। उसके आसपास सुरक्षा का एक मंडल बनना तय समझो। प्रभु श्रीराम के नाम का असर जबरदस्त होता है।

## चौपाई

*हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता?*
*रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए?*

## भावार्थ

हरि अनंत हैं (उनका कोई पार नहीं पा सकता) और उनकी कथा भी अनंत है। सब संत लोग उसे बहुत प्रकार से कहते-सुनते हैं। रामचंद्र के सुंदर चरित्र करोड़ों कल्पों में भी गाए नहीं जा सकते।

# भगवान राम के बारे में 10 बातें

संसार के पालनहार भगवान श्री विष्णु जी ने धर्म की स्थापना और अधर्म के समूल नाश के लिए त्रेतायुग में धरती पर मनुष्य रूप में अवतार लिया था। भगवान विष्णु के अनेक अवतारों में से एक अवतार त्रेता युग में सरयू नदी के तट पर बसी अयोध्या नगरी में सूर्यवंश कुल के राजा दशरथ की महारानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र मास की नवमी तिथि अभिजीत मुहूर्त में राम जी ने जन्म लिया था। तब से लेकर आज तक युगों-युगों से चैत्र मास की नवमी तिथि को रामनवमी पर्व मनाया जाता है।

- भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है।
- उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है।
- राम जी स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण है जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं।
- भगवान राम समाज में व्याप्त ऊंच नीच के भेदभाव को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का उदाहरण इसे समझने के लिये सर्वोत्तम है।
- राम जी वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले हैं।
- भगवान श्री राम विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले परम पराक्रमी है।
- रामनवमी के दिन धूमधाम के साथ राम जन्मोत्सव मनाते हुए श्रीरामचरित मानस ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।
- श्रीराम लला को मावा एवं पंजरी का भोग अति प्रिय है।
- श्रीरामनवमी के दिन उपवास रखने से जीवन में सुख समृद्धि आती है और ज्ञात-अज्ञात सभी तरह के पापों का नाश हो जाता है।





# रामनवमी पर बने हैं शुभ योग

चैत्र माह की नवमी तिथि को बेहद खास माना जाता है। इस दिन राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। इसके साथ ही सिद्धदात्री माता की पूजा के साथ ही नवरात्रि का समापन भी इसी दिन होता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। यही वजह है कि, चैत्र माह की नवमी तिथि को राम नवमी के नाम से भी जाना जाता है। हर साल इस दिन पूरे भारत वर्ष में राम जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से माना जाता है।

## भगवान राम की पूजा से मिलते हैं ये लाभ

राम नवमी के दिन विधि-विधान से भगवान राम की पूजा करने से भक्तों के संकट कट जाते हैं। भगवान राम की पूजा से आपकी रचनात्मक क्षमता का विकास होता है और बौद्धिक रूप से भी आप मजबूत होते हैं। घर परिवार में सुख-समृद्धि रखने वालों को भी राम जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। राम नवमी पर श्रीराम की पूजा करके आपके घर में सकारात्मकता आती है, इसके साथ ही राम जी की पूजा करने से माता पार्वती, हनुमान जी और भोलेनाथ का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त होता है।

# जीवन को खुशियों से भर देंगे राम नवमी के अचूक उपाय

इस वर्ष रामनवमी पर्व 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। इस दिन निम्न उपाय आजमाने से जीवन में खुशियां आती है।

- इस दिन 1 कटोरी में पानी लेकर रामरक्षा मंत्र ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नम- का 108 बार जाप करें। फिर घर के सभी कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे वास्तुदोष दूर होने के साथ ही घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त हो जाएगी।
- दांपत्य जीवन में दूरियां कम करके प्रेम बढ़ाने के लिए महिला इस दिन खीर बनाकर उसे रात्रि में चन्द्रमा की रोशनी में एक घंटे तक रखने के बाद वह खीर दोनों मिलकर खा लें।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन..., का पाठ करें। ऐसा करने से व्यक्ति के दुख और कष्ट दूर होते हैं।
- रामनवमी पर प्रभु श्री राम के भक्त हनुमान जी की गुणगान करें और हनुमान चालीसा का संपूर्ण पाठ करें। इससे जातक पर श्रीराम और हनुमान जी की कृपा बनी रहती है।
- राम नवमी के दिन राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी तरह के सकंट दूर होकर आपकी रक्षा होगी।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के पूजन के समय राम नाम का जप जरूर करें। इससे जीवन में सुख एवं खुशहाली आएगी।
- राम नवमी के दिन रामायण या रामचरितमानस का पाठ करना या कराना अत्यंत ही शुभ माना गया है। इससे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सारे दुख दूर हो जाते हैं।
- रामनवमी के दिन सुंदरकांड का पाठ करने या कराने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। या सिर्फ 卐मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहुसु दसरथ अजिर बिहारी चौपाई का सम्पुट लगाकर पाठ करें। (चौपाई का अरद्धांश रामचरित मानस के पाठ के हर दोहे के पहले और बाद में पाठ किया जाता है तो उस अर्द्ध अंश को सम्पुट कहते हैं)



# राम जन्म की रोचक घटनाएं

**भगवान प्रभु श्रीराम का जन्म वाल्मीकि कृत रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को हुआ था। आओ जानते हैं जन्म की रोचक घटनाएं।**

- **राजा दशरथ ने किया था पुत्रेष्टि यज्ञ :** रामचरितमानस के बालकांड के अनुसार राजा दशरथ ने पुत्र की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। वशिष्ठजी ने श्रृंगी ऋषि को बुलवाया और उनसे शुभ पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। इस यज्ञ के बाद कौसल्या आदि प्रिय रानियों को पुत्र प्राप्त हुए।
- **शुभ योग में हुआ जन्म :** योग, लग्न, ग्रह, वार और तिथि सभी अनुकूल हो गए तब श्रीराम का जन्म हुआ। पवित्र चैत्र का महीना था, नवमी तिथि थी। शुक्ल पक्ष और भगवान का प्रिय अभिजित मुहूर्त था। दोपहर का समय था। न बहुत सर्दी थी, न धूप (गरमी) थी।
- **चारों और मौसम खुशनुमा हो गया :** वह पवित्र समय सब लोकों को शांति देने वाला था। जन्म होते ही जड़ और चेतन सब हर्ष से भर गए। शीतल, मंद और सुगंधित पवन बह रहा था। देवता हर्षित थे और संतों के मन में (बड़ा) चाव था। वन फूले हुए थे, पर्वतों के समूह मणियों से जगमगा रहे थे और सारी नदियां अमृत की धारा बहा रही थीं।
- **देवता उपस्थित हुए :** जन्म लेते ही ब्रह्माजी समेत सारे देवता विमान सजा-सजाकर पहुंचे। निर्मल आकाश देवताओं के समूहों से भर गया। गंधर्वों के दल गुणों का गान करने लगे। सभी देवाता राम लला को देखने पहुंचे।
- **नगर में हुआ हर्ष व्याप्त :** राजा दशरथ ने नांदीमुख श्राद्ध करके सब जातकर्म-संस्कार आदि किए और द्वीजों को सोना, गो, वस्त्र और मणियों का दान दिया। संपूर्ण नगर में हर्ष व्याप्त हो गया। ध्वजा, पताका और तोरणों से नगर छा गया। जिस प्रकार से वह सजाया गया। चारों और खुशियां ही खुशियां थीं। घर-घर मंगलमय बधावा बजने लगा। नगर के स्त्री-पुरुषों के झुंड के झुंड जहां-तहां आनंदमग्न हो रहे हैं।



# हैदराबाद से हार के बाद भी बेंगलुरु के पास है प्लेऑफ में पहुंचने का..

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा. फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सनराइजर्स हैदराबाद ने 25 रनों से हराया. दरअसल, अब तक 7 मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 6 शिकस्त का सामना करना पड़ा है, जबकि यह टीम महज पंजाब किंग्स के खिलाफ जीतने में कामयाब रही. रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर 7 मैचों में 2 प्वॉइंट्स के साथ सबसे निचले यानी दसवें पायदान पर काबिज है. लेकिन क्या अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है? क्या रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की प्लेऑफ खेलने की उम्मीदें जिंदा हैं?

### अब कैसे प्लेऑफ में पहुंच सकती है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर?

दरअसल, यहां से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई कर सकती है, लेकिन यह बेहद मुश्किल होने वाला है. इस टीम के पहले 7 मैचों में महज 2 प्वॉइंट्स हैं. अब आरसीबी के 7 मुकाबले बचे हैं, अगर फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने आगामी सभी 7 मुकाबले जीतने में कामयाब रहती है तो कुल 16 प्वॉइंट्स हो जाएंगे, लेकिन इतने से आरसीबी का काम नहीं बनेगा. इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को बाकी टीमों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा, यानी अब हालात आरसीबी के कंट्रोल में नहीं है, लिहाजा इस टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण है.

### अब तक ऐसा रहा है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर...

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को जरूर हराया, लेकिन इसके चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है.

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए कार्तिक ने पेश की दावेदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मैच 11 अप्रैल को खेला जा रहा था. दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे थे, ईशान किशन के बगल में स्लीप पर खड़े रोहित शर्मा ने उनको मैच के दौरान कहा शाबाश डीके, वर्ल्ड कप खेलना है अभी...

यह सुनकर कार्तिक मुस्कुराए और बल्लेबाजी करने लगे. कार्तिक ने उस मैच में 23 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली, वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जिस तरह तरह की मनचाही बल्लेबाजी की, उससे , ऋषभ पंत, संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन और जितेश शर्मा जैसे कीपर्स के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं, खासकर टी20 वर्ल्ड कप से पहले. दिनेश को जो बदला हुआ रूप इस बार फिर से आईपीएल में दिख रहा है कि उससे एक बात तो तय है कि वो दूसरे विकेटकीपर्स के लिए चुनौती बन गए हैं. उनकी 38 साल की उम्र को एकबारगी को साइड में कर दिजिए, फिश्र सोचिए..अब तक फिलहाल जिस तरह वह आईपीएल में खेल रहे हैं, उससे एक बात तो साबित हो गई है कि उनके अंदर अब भी इस फॉर्मेट में खेलने का दम बाकी है. ऐसे में बड़ा सवाल है कि रोहित शर्मा ने भले ही मजाक में दिनेश कार्तिक से यह बात कही हो, लेकिन अब कार्तिक टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए उतरने वाले विकेटकीपर्स की रेस में तो आ गए हैं. कार्तिक ने इस दौरान टी20 में 6000 रन भी पूरे किए.

## मुस्तफ़िज़ुर रहमान 1 मई तक चेन्नई के लिए उपलब्ध रहेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपने तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफ़िज़ुर रहमान के चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अनापत्ति पत्र को एक दिन के लिए बढ़ा दिया है।

इसका मतलब है कि अब मुस्तफ़िज़ुर 30 अप्रैल को वापस लौटने की जगह 1 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट ऑपरेशन के उप प्रबंधक शहरयार नफ़ीस ने कहा, हमने 30 अप्रैल तक मुस्तफ़िज़ुर को आईपीएल में खेलने की छूट दी थी, लेकिन 1 मई को ही चेन्नई का एक मैच है। टीम और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के द्वारा अनुरोध प्राप्त होने के बाद हमने मुस्तफ़िज़ुर की छुट्टी एक दिन के लिए बढ़ा दी है।




# सनराइजर्स हैदराबाद ने रचा इतिहास 287 रनों की पारी से टूटे कई रिकॉर्ड

**बेंगलुरू, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद टीम ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ अपने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया. सनराइजर्स ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 287/3 रन बनाए. यह टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है. इस आईपीएल सीजन में अब तक तीन बार 250 से अधिक का स्कोर बन चुका है, जो अपने आप में एक और रिकॉर्ड है.

### पहले विकेट के लिए 8 ओवर शतकीय साझेदारी

सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और केवल 39 गेंदों में अपना पहला आईपीएल शतक बनाया.

यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक है. एम चिन्नास्वामी को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग कहा जाता है, इसे सच बनाया सनराइजर्स ने. पावर-प्ले का दूसरा ओवर लेकर आए रीस टॉपले ने 20 रन लुटाए. हेड ने चौके के साथ शुरुआत की और फिर अभिषेक ने ओवर को छक्के के साथ समाप्त किया. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई, वह भी केवल 8 ओवर में.

### आईपीएल 2024: ट्रेविस हेड की विस्फोटक बल्लेबाजी

यश दयाल ने अपने ओवर में 20 रन लुटाकर पावर-प्ले को समाप्त किया. हेड ने 20 गेंदों में तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से अर्धशतक पूरा किया. छह ओवर के पावर प्ले के बाद सनराइजर्स बिना किसी नुकसान के 76 रन के स्कोर पर था.

हेड ने 39 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतक लगाया और डेविड वॉर्नर के 43 गेंद पर शतक के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया. हेड पूरी तरह आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे और अपनी शतकीय पारी में 9 चौकों और 8 छक्के लगाए.

# आईपीएल 2024 के बीच मैक्सवेल ने मांगा आरसीबी से ब्रेक



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एक हाई स्कोरिंग मुकाबले में सोमवार को एसआरएच के खिलाफ आरसीबी को हार झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान क्रिकेट फैंस को एक बड़ा सवाल परेशान कर रहा था कि आखिर ग्लेन मैक्सवेल को प्लेइंग 11 से क्यों ड्रॉप किया गया।

आरसीबी के स्टार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल मौजूदा सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। जब ग्लेन मैक्सवेल का नाम एसआरएच के खिलाफ प्लेइंग-11 में नहीं था, तो सबको लगा शायद उन्हें ड्रॉप किया गया है, या फिर वो चोटिल हैं। हालांकि बाद में पता चला कि मामला ही कुछ और है।

ग्लेन मैक्सवेल ने मानसिक और शारीरिक थकान के चलते आईपीएल 2024 से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने खुद को प्लेइंग 11 से ड्रॉप करने का कप्तान से आग्रह किया था। ग्लेन मैक्सवेल ने कहा, मेरे लिए निजी रूप से यह आसान फैसला था। पिछले मैच के बाद मैं कोच और कप्तान फाफ डू प्लेसी के पास गया और कहा कि मुझे महसूस हो रहा है कि किसी और को आजमाएं। मैं ऐसी परिस्थितियों में पहले भी रहा हूं जहां लगातार खेलते हुए खुद को और बुरी परिस्थिति में पाया है . मेरे हिसाब से यह उचित समय है कि मैं ब्रेक लूं। साथ ही खुद को मानसिक तथा शारीरिक रूप से आराम दूं। आगे चलकर टूर्नामेंट के दौरान यदि मेरी ज़रूरत पड़ती है तो शायद मैं अच्छे से टीम में योगदान दे पाऊंगा।

मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म के साथ प्रवेश किया था। उन्होंने टूर्नामेंट से पहले दो टी-20 शतक लगाए थे, एक भारत के खिलाफ गुवाहाटी में और दूसरा वेस्टइंडीज के खिलाफ एडिलेड में जड़ा था। यह प्रदर्शन वनडे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के तुरंत बाद आया, जहां उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दोहरा शतक बनाया। हालांकि, आईपीएल में आरसीबी के लिए उनका बल्ला खामोश नजर आ रहा है। सोमवार को हुए मैच से पहले मैक्सवेल ने आरसीबी के लिए 6 पारियों में केवल 5.33 की औसत से मात्र 32 रन बनाए थे।



# हार्दिक के लिए टी-20 वर्ल्ड कप में जगह बनाना हुआ मुश्किल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले जब मुंबई इंडियंस मैनेजमेंट ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया था, तो उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि आईपीएल 2024 के दौरान उन्हें इतनी ज्यादा आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान बने, लेकिन टीम के साथ-साथ खुद हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन काफी ज्यादा औसत दर्जे का रहा है।

मुंबई इंडियंस ने कुल छह मैच खेले हैं और इस दौरान टीम को महज दो मैचों में ही जीत नसीब हुई है। इस दौरान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन ना बैटिंग में और ना ही बॉलिंग में कुछ कमाल कर पाए हैं। इस बीच एक और खबर आ रही है कि हार्दिक पांड्या के लिए इस साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में जगह बनाना आसान नहीं होने वाला है।

खबर के मुताबिक मुंबई हेड क्वार्टर में हुई मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, चीफ सिलेक्टर अजीत अगारकर और हेड कोच राहुल द्रविड़ के बीच मीटिंग हुई थी, जिसमें रोहित शर्मा ने कहा था कि उनका फोकस अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए एक पेसर ऑलराउंडर पर है।

आईपीएल 2024 की बात करें तो हार्दिक पांड्या ने ज्यादा गेंदबाजी की नहीं है और जब की भी है, तो बिल्कुल भी असरदार नजर नहीं आए हैं। हाल में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मैच खेला गया था, जिसमें हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस की ओर से आखिरी ओवर किया था, जिसमें एमएस धोनी ने उनकी लगातार तीन गेंदों पर तीन छक्के लगाए थे। आईपीएल में हार्दिक पांड्या के प्रदर्शन ने उनके बॉलिंग परफॉर्मेंस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में उनका टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सीधा जगह बना पाना मुश्किल नजर आ रहा है। हार्दिक पांड्या की स्ट्रेंथ उनके तेज तर्रार शॉट्स के साथ-साथ उनकी गेंदबाजी रही है, और अगर वह इन दोनों रोल में हिट नहीं हो पाते हैं, तो ऐसे में उनके लिए टी20 स्क्वॉड में वापसी करना मुश्किल होगा। वहीं शिवम दुबे ने अपनी बैटिंग से काफी ज्यादा प्रभावित किया है और इसके साथ वह मीडियम फास्ट गेंदबाजी भी कर लेते हैं। ऐसी भी रिपोर्ट्स हैं कि बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए स्क्वॉड में चुने जाने के लिए कुछ क्राइटेरिया सेट किए हैं और उसके हिसाब से प्रदर्शन के बाद ही आपको टीम में जगह मिलेगी।

# मोहन बागान ने पहली बार ISL लीग शील्ड जीती

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मोहन बागान ने सुपर जायंट इंडियन सुपर लीग 2023-24 को अपने नाम कर लिया है। सोमवार को घरेलू मैदान साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए मैच में मोहन बागान ने मुंबई सिटी को 2-1 से हराया। इसके साथ ही मोहन बागान पॉइंट टेबल पर पहुंच गया। मोहन बागान पहली बार लीग खिताब जीता है। मोहन बागान से लिस्टन कोलाको और जेसन कमिंग्स ने गोल किए। वहीं दोनों गोल में असिस्ट करने के लिए दिमित्रियोस पेट्राटोस को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं मुंबई सिटी की ओर से एक गोल विंगर लालियानजुआला छांगटे ने किया।

### मोहन बागान 15 जीत के साथ 48 पॉइंट लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर

मोहन बागान सुपर जायंट ने 22 मैचों में 15 जीत, तीन ड्रा और चार हार से 48 अंक लेकर पॉइंट टेबल में तीसरे स्थान से सीधे टॉप पर पहुंच कर लीग दौर समाप्त किया। वहीं मुम्बई सिटी एफसी 22 मैचों में 14 जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 47 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

मैच का पहला गोल 28वें मिनट में आया, जब विंगर लिस्टन कोलाको ने मोहन बागान सुपर जायंट को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्रियोस पेट्राटोस ने अटैकिंग थर्ड से बॉक्स के ठीक बाहर बाईं तरफ लिस्टन को बॉल पास की और लिस्टन ने इसे गोल में तब्दील कर दिया।



### दूसरे हाफ में दोनों टीमें ने एक- एक गोल किया

दूसरे हाफ में दोनों टीमों की ओर से एक-एक गोल हुआ। मैच के 80वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जेसन कमिंग्स ने गोल करके मोहन बागान की बढ़त को मजबूत करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। फिर 89वें मिनट में लालियानजुआला छांगटे ने सीजन का अपना सातवां गोल करके मुम्बई सिटी एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए अंतर 1-2 कर दिया।

### आखिरी दो मिनट में मोहन बागान को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा

मोहन बागान को 90+2वें मिनट में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जब ब्रैंडन हैमिल को दूसरा यलो (रेड) कार्ड रेफरी वेंकटेश आर. ने दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। ऑस्ट्रेलियाई सेंटर-बैक को पहला यलो कार्ड 90+1वें मिनट में मिला था।



## डर को स्वीकार करना ही साहस है

# सुष्मिता ने अपने जीवन का मंत्र किया शेयर

आर्या 3 में अपने दमदार अभिनय से प्रशंसा हासिल करने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डर से निपटने के तरीके पर बात की है। एक्ट्रेस और पूर्व मिस यूनिवर्स ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन में कैमरे में देखते हुए अपनी एक डी-ग्लैम फोटो शेयर की है। सुष्मिता ने तस्वीर पर लिखा, साहस भय का अभाव नहीं है, दरअसल इसकी शुरुआत डर को स्वीकार करने से होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी खड़े रहने के सुष्मिता सेन के हौसले की अक्सर तारीफ की जाती है। इससे पहले अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर शेयर किया था कि वह किसी चीज का पीछा नहीं करती बल्कि उसे अपनी ओर आकर्षित करती है और संभावनाओं, आशा, दया, प्रेम, कृतज्ञता और प्रचुरता को चुनती है। एक्ट्रेस ने इससे पहले इंस्टाग्राम पर काले रंग के टैंक टॉप और गुलाबी रंग के बड़े धूप के चश्मे के साथ अपनी एक फोटो शेयर की थी।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं पीछा नहीं करती, मैं आकर्षित करती हूं... मेरा गुलाबी रंग का चश्मा अक्सर मुझे याद दिलाता है... यह वहां क्या है के बारे में नहीं है, यह मैं क्या देखना चुनती हूं के बारे में है... मैं संभावनाओं, आशा, दया, प्रेम, कृतज्ञता, एकता और प्रचुरता को देखना चुनती हूं... मैं जो चुनती हूं, मैं उसे आकर्षित करती हूं। एक्ट्रेस को स्ट्रीमिंग सीरीज आर्या 3 की शूटिंग के दौरान दिल का दौरा पड़ा था, लेकिन वह पूरी तरह से ठीक होकर शूटिंग पूरी करने के लिए सेट पर लौट आई थी।

# 14वीं दिलीप बारगल स्मृति इंदौर जिला मिनी-सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा 20 अप्रैल से

इंदौर। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन के तहत मल्हार क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित 14वीं केप्टन दिलीप बारगल स्मृति इंदौर जिला मिनी - सब जूनियर इंदौर जिला बैडमिंटन स्पर्धा 20 से 23 अप्रैल तक होगी। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सचिव आर पी सिंह नैयर और स्पर्धा सचिव अनिल बारगल ने बताया कि मल्हार क्रीड़ा मंडल बैडमिंटन हाल, उषा नगर एक्सटेंशन में होने वाली इस स्पर्धा में 15,13 और 11 वर्ष बालक और बालिका एकल और युगल के मुकाबले होंगे। 15 वर्ष आयु में मिश्रित युगल मुकाबले भी होंगे। स्पर्धा की प्रविष्टियां 18 अप्रैल तक स्पर्धा सचिव अनिल बारगल, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सह सचिव धर्मेश यशलहा, शिवाजी नंदवानी, विशाल चांदवानी, शालिनी परदेशी को दी जा सकती हैं। इस स्पर्धा और पूर्व में हुई रैंकिंग स्पर्धा के आधार पर इंदौर जिला बैडमिंटन टीम का चयन किया जाएगा जो विदिशा में 28 अप्रैल से होने वाले मप्र राज्य मिनी -सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा में हिस्सा लेगी।

# नवरात्रि के दौरान सात्विक भोजन लेती हैं गीतांजलि मिश्रा

हप्पू की उलटन पलटनमें राजेश का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस गीतांजलि मिश्रा ने चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के दौरान अपनाए जाने वाले अनुष्ठानों के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस देवी दुर्गा और भगवान राम की बड़ी भक्त हैं। गीतांजलि मिश्रा ने कहा कि वह इस दौरान सात्विक भोजन लेती हैं। उन्होंने कहा, मैं हर दिन की शुरुआत देवताओं के सामने आदरपूर्वक हाथ जोड़कर आभार व्यक्त करते हुए और अपने प्रियजनों की भलाई के लिए प्रार्थना करने से करती हूं।



चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के दौरान मैं गहन आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में उपवास रखती हूं, यह मेरी मां द्वारा दी गई परंपरा है, जिसका मैं ईमानदारी से पालन करती हूं। यह उपवास मेरे लिए दिव्य संबंध और पवित्रता की भावना को बढ़ावा देने के लिए गहरा महत्व रखता है। गीतांजलि के लिए उपवास शरीर और आत्मा दोनों को शुद्ध करने का काम करता है। उन्होंने कहा, पूरे त्योहार के दौरान मैं सात्विक भोजन लेती हूं, जिसमें कुट्टू का आटा, सिंघाड़ा आटा और ताजे फल शामिल होते हैं। गीतांजलि ने खुशी, समृद्धि और आध्यात्मिक संतुष्टि का आशीर्वाद देते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह शुभ त्योहार हर किसी को आशीर्वाद और दिव्य कृपा प्रदान करे। जय माता दी, सभी को आनंदमयी नवरात्रि और राम नवमी की शुभकामनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा हैदर को कोर्ट ने भेजा समन, सचिन को भी होना होगा हाजिर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पति गुलाम हैदर की ओर से दायर याचिका जिला न्यायालय की फैमिली कोर्ट ने स्वीकार की है। अदालत ने सीमा हैदर, सचिन मीणा सहित शादी कराने वाले पंडित को समन जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। पानीपत के अधिवक्ता मोमिन मलिक की ओर दायर की गई याचिका को जिला न्यायालय ने स्वीकार किया है। इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए अधिवक्ता मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा हैदर और सचिन मीणा की हाल में मनाई गई शादी की सालगिरह को अदालत में चुनौती दी गई है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों को पक्षकार बनाया गया है। इसके अलावा बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया, धर्म परिवर्तन आदि को अदालत में चुनौती दी है। अधिवक्ता मोमिन मलिक के मुताबिक सीमा को अदालत में यह साबित करना होगा कि उन्होंने धर्म परिवर्तन कब किया, इसके अलावा नाबालिग बच्चों का धर्म भी इस प्रकार नहीं बदला जा सकता है। जिन लोगों को समन जारी किया है उन्हें अदालत में हाजिर होना है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सीमा हैदर और रबुपूरा के सचिन मीणा की प्रेम कहानी पिछले 11 माह से सुर्खियों में है। सचिन और सीमा पबजी खेलते-खेलते संपर्क में आये थे और उसके बाद उनमें प्यार हो गया। इसके बाद मार्च 2023 में वह पहली बार नेपाल में मिले और उसके बाद सीमा अपने बच्चों को साथ लेकर नेपाल के रास्ते 4 मई 2023 को पाकिस्तान से रबुपूरा आ गई थी। जिन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था और उसे जमानत मिल गई थी। वह तभी से सचिन के साथ यहां पर रह रही है। जिसके द्वारा सरकार से भारत की नागरिकता की भी मांग की गई है। बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में दावा किया जा हा था कि सीमा हैदर के साथ मारपीट की गई है। हालांकि, बाद में सीमा ने इस पर साफ करते हुए बताया था कि ये वीडियो सीमा का नहीं है।

### दिल्ली में स्टार प्रचारकों की सुरक्षा करेंगे स्वाट कमांडो




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव के दौरान स्टार प्रचारकों की सुरक्षा की कमान दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के 'स्वाट कमांडो' दस्ते के जिम्मे होगी। इस दौरान स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों के दस्ते का घेरा भी रखा जाएगा। कोई भी संदिग्ध स्टार प्रचारकों तक न पहुंच सके, इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर विशेष रूप से तैयार कि गए लाइव सीसीटीवी निगरानी वाहन के जरिये कंट्रोल रूम से भी संदिग्धों पर नजर रखी जाएगी। महिला स्टार प्रचारकों की सुरक्षा की कमान विशेष रूप से तैयार स्पेशल-36 महिला स्वाट कमांडो दस्ते के जिम्मे होगी। ये दस्ता आतंकी घटनाओं को रोकने और आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए खासतौर पर काम करता है। 26/11 आतंकी हमले के बाद इजरायल की तर्ज पर देश में स्वाट की शुरुआत की गई थी। इस दस्ते में ज्यादातर नए जवानों को शामिल किया जाता है। ये किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम होते हैं। इन्हें आपात स्थिति से निपटने के गुर सिखाए जाते हैं। स्वाट महिला कमांडो टीम खतरनाक हथियारों को भी चलाने में सक्षम है। ये कमांडो सबसे ताकतवर राइफल एमपी पांच सबमशीन गन से लेकर 45 कैलिबर गन में सबसे बेहतरीन जीलॉक 21 पिस्टल से लैस होंगी। सूचना का अलर्ट देने को वाहन को फेस रिकॉग्निशन कैमरे से लैस किया गया है। इस वाहन के जरिये पुलिस 360 डिग्री रेंज में किसी भी संदिग्ध की जानकारी हासिल कर सकती है।

# दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी पर एक्शन की तैयारी?

### सतर्कता विभाग ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी आर. एन. दास को सतर्कता विभाग ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस कोविड के दौरान पीपीई किट, एन-95 मास्क, कोविड जांच के लिए रैट किट की खरीद में कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों के खिलाफ जाकर निविदा जारी करने को लेकर दिया गया है। सतर्कता विभाग ने ओएसडी को 7 दिनों में जवाब देने के लिए कहा है।

कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि दास कोविड के दौरान तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के ओएसडी थे। इसमें कहा गया है कि बाद में 2023 में जैन के इस्तीफा देने के बाद उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी का पद संभाला।



सतर्कता विभाग की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक, 2020-21 में जिस समिति ने कोविड के लिए जरूरी उपकरणों की खरीदारी की थी, उसके मुखिया दास थे। उस समिति ने पीपीई किट, रैट किट, एन-95 मास्क, दस्ताने समेत करीब 60 करोड़ से अधिक सामान के खरीद को मंजूरी दी थी। सतर्कता विभाग के नोटिस के मुताबिक इस समिति ने स्वास्थ्य सेवाओं के इन उपकरणों को लेकर जो दरें तय की थीं, वह बहुत ज्यादा थीं।

पीटीआई के अनुसार, रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) किट की खरीद का हवाला देते हुए, नोटिस में दावा किया गया कि किट की दर 459.20 रुपये प्रति यूनिट बताई गई थी, जो शुरुआती यूनिट कीमत से 9.20 रुपये अधिक थी। नोटिस में कहा गया है, ÷यह देखा गया है कि आरएटी किट की दर में हर महीने इतनी गिरावट आई कि छह महीने की अवधि के भीतर, आरएटी किट 31.50 रुपये प्रति यूनिट की दर पर उपलब्ध थी।

सतर्कता निदेशालय ने दास को कारण बताओ नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है और मामले को मौजूदा नियमों के अनुसार बिना किसी नोटिस के आगे बढ़ाया जाएगा।

वहीं, दिल्ली सरकार ने आरोपों को हताशा से भरा हुआ बताया है। सरकार के मुताबिक, जिस समय यह आरोप लगाए गए हैं, उसमें डॉ. दास न तो सौरभ भारद्वाज और न ही सत्येन्द्र जैन के ओएसडी थे। सरकार का कहना है कि बीते एक साल से एलजी कार्यालय ने निर्वाचित मंत्रियों के कार्यालयों को अप्रभावी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए हैं। यह कारण बताओ नोटिस भी उसी दिशा में उठाया गया कदम है। आप सरकार के आरोपों पर उपराज्यपाल कार्यालय से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

## मताधिकार का इस्तेमाल करने में पीछे रह जाते हैं नई दिल्ली वाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मत प्रतिशत बढ़ाना भाजपा और इंडिया गठबंधन के लिए बड़ी चुनौती है। भाजपा ने इस सीट पर युवा नेत्री बांसुरी स्वराज को उतारा है, जबकि आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से विधायक सोमनाथ भारती प्रत्याशी हैं।

भाजपा और आप ने इस बार पिछले उम्मीदवारों को बदल दिया है। बीते लोकसभा चुनाव में इस सीट पर सबसे कम 56.91 फीसदी मतदान हुआ था। यह दिल्ली में सातों सीटों में सबसे कम था।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जगमोहन, अजय माकन और मीनाक्षी लेखी जैसे दिग्गज नई दिल्ली सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आजादी के बाद हुए पहले चुनाव में 1952 में सुचेता कृपलानी को इस सीट से सांसद चुना गया था। वह दो बार नई दिल्ली से सांसद रहीं। नई दिल्ली सीट पर इस बार भाजपा ने मीनाक्षी लेखी का टिकट काटकर बांसुरी स्वराज और आप ने सोमनाथ भारती पर दांव लगाया है। दोनों दलों के सामने मत प्रतिशत बढ़ाना चुनौती होगी। उधर, आप के कार्यकर्ता भी ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने की तैयारी में हैं। आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन से समीकरण बदले हैं। स्थानीय स्तर पर दोनों दलों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोरोना मरीजों में ब्लैक फंगस की वजह का पता चला, दिल्ली एम्स के अध्ययन में खुलासा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर के बाद बड़ी संख्या में लोग ब्लैक फंगस (म्यूकर माइकोसिस) की बीमारी से पीड़ित हुए थे। कई जगह इस बीमारी से पीड़ित लोगों के जबड़े और आंखों तक फंगस घुसने की वजह से सर्जरी हुई थीं। अब एम्स दिल्ली के डॉक्टरों ने अध्ययन कर इसके बढ़ने की वजह का पता लगाया है। एम्स के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ डॉ. अनिमेष रे ने बताया कि अध्ययन में पता चला है कि माइकोबायोम बदलने की वजह से ब्लैक फंगस के मामले बढ़े थे। शरीर या किसी अंग में पहले से सूक्ष्मजीवों जैसे फंगस मौजूद होते हैं। इनके समुदाय को माइकोबायोम कहते हैं। कोरोना के बाद जिन लोगों को ब्लैक फंगस की बीमारी हुई, उनमें माइकोबायोम में इस तरह बदलाव हुआ कि कुछ खास तरह के फंगस इन मरीजों में ज्यादा तेजी से बढ़ने लगे। अभी तक डॉक्टर यह मानते थे कि ज्यादा स्टेरॉइड वाली दवाएं देने, ऑक्सीजन थेरेपी और बिना मास्क के कई दिनों तक रहने की वजह से ही यह बीमारी ज्यादा बढ़ी है। डॉक्टरों को अध्ययन करने पर पता चला कि ब्लैक फंगस से पीड़ित मरीजों के ऊपरी स्वशन तंत्र और नाक के म्यूकोसा में कुछ तरह के फंगस ज्यादा बढ़ गए थे। एम्स के डॉक्टरों ने अपने अध्ययन में तीन अलग-अलग समूह में मरीजों को बांटा। एक समूह में कोरोना के बाद ब्लैक फंगस से पीड़ित मरीज थे। दूसरे समूह में कोरोना के गंभीर मरीज और तीसरे में स्वस्थ मरीज थे। डॉक्टरों ने पहला शोध मरीजों के भर्ती होने के समय किया था। दूसरा अध्ययन इसके सात दिन बाद किया, जब तक स्टेरॉइड आदि दवाएं उन्हें नहीं दी गई थीं। डॉक्टरों ने पाया कि स्टेरॉइड आदि दवाएं शुरू करने से पहले ही ब्लैक फंगस वाले मरीजों के माइकोबायोम में काफी बदलाव आ गया था।

## दिल्ली-एनसीआर में बढ़ने जा रही दिक्कत, आश्रम-फरीदाबाद के बीच 2 माह तक सफर होगा मुश्किल





**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली स्थित सरिता विहार फ्लाईओवर पर अगले माह से पीडब्ल्यूडी द्वारा मरम्मत कार्य किया जाएगा। 1 मई से शुरू होने जा रहा काम 30 जून तक चलेगा। इस दौरान आश्रम से फरीदाबाद के बीच मथुरा रोड का सफर लोगों को दो महीने तक सताएगा। दोनों दिशाओं में फ्लाईओवर की मरम्मत करने में एक-एक महीना लगने की संभावना है।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, मथुरा रोड से रोजाना लाखों वाहन दिल्ली-फरीदाबाद के बीच आवागमन करते हैं। व्यस्त समय पर यहां वाहनों का दबाव काफी ज्यादा रहता है, जिससे आए दिन यहां जाम रहता है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी द्वारा सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य अगले माह से शुरू किया जाएगा। पहले यह काम जून 2023 में होना था। हाल ही में इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने ट्रैफिक पुलिस से एनओसी मांगी थी, जो कुछ शर्तों के साथ दे दी गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने साफ किया है कि मरम्मत कार्य चार चरणों में किया जाएगा। इसके चलते एक समय पर पूरा फ्लाईओवर बंद नहीं होगा। केवल एक दिशा में फ्लाईओवर की आधी लेन बंद होगी, जबकि आधी लेन पर वाहन चलते रहेंगे। इसके चलते एक समय पर केवल एक ही दिशा में लोगों को जाम का सामना करना पड़ेगा।

अधिकारियों का मानना है कि मरम्मत कार्य के चलते लोगों को यहां जाम का सामना करना पड़ सकता है। खासतौर से सरिता विहार, बदरपुर, न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, कालिंदी कुंज, ओखला, फरीदाबाद आदि जगह आवागमन करने वालों को परेशानी हो सकती है। वाहन चालकों की सुविधा के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा वैकल्पिक मार्गों के सुझाव तैयार किए जा रहे हैं।

वहीं, नोएडा एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। एक किलोमीटर एरिया में सड़क बनाने का अधिकांश काम पूरा कर लिया गया है। सिर्फ एक परत और बिछनी बाकी है। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि 30 अप्रैल तक काम पूरा हो जाएगा। सेक्टर-18 से 61 की ओर एलिवेटेड रोड पर मरम्मत का काम चल रहा है। सेक्टर-28 विश्व भारती स्कूल के सामने से लेकर सेक्टर-24 इस्कॉन मंदिर तक के हिस्से में अभी काम किया जा रहा है। एक सप्ताह पहले मरम्मत का काम शुरू किया गया था। इस हिस्से में पूरी तरह ट्रैफिक को बंद रखा गया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि मरम्मत का काम शुरू करते समय सबसे करीब तीन किलोमीटर हिस्से में सड़क की परत उखाड़ने का काम पूरा हो चुका है। बिटुमिन की परत बिछाई जा चुकी है। अगले चरण में 25 एमएम की मैस्टिक होनी बाकी है।






## हमले के बाद चीख रहे थे इजरायली, फेक वीडियो पर खुल गई ईरान की पोल

**येरुशलम, एजेंसी।** इजरायल पर हवाई हमलों के बाद ईरान दुनिया के निशाने पर है। अब फेक वीडियो चलाने को लेकर उसकी अपने ही देश में आलोचना और खिल्ली उड़ रही है। दरअसल, बीते दिनों ईरान ने इजरायल पर 300 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे थे। जिनमें से 99 फीसदी हमलों को इजरायल ने अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों की सैन्य मदद के साथ नाकाम कर दिया था। 300 में से सिर्फ 7 ही ड्रोन हमले जमीन तक पहुंच पाए। ईरान फेक वीडियो के जरिए ऐसा दावा कर रहा है कि उसने इजरायल को बड़ी चोट पहुंचाई है और हमले के बाद इजरायलियों में चीख-पुकार मच गई थी। उधर, इजरायल ने आधिकारिक रूप से जानकारी दी कि हमले में उसे जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन, उसकी मातृभूमि पर बुरी नजर रखने वाले को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ेगा। इजरायल की ताबड़तोड़ वॉर कैबिनेट मीटिंग से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

ऐसी रिपोर्ट सामने आई है कि ईरानी स्टेट मीडिया ने इजरायल पर हवाई हमलों के फुटेज जारी किए हैं। जिसमें उसने दावा किया गया कि जब इजरायल पर हवाई हमलों की बौछार की गई तो इजरायली घबरा गए और उनके चीख-पुकार मच गई। वे मारे डर के इधर-उधर भाग रहे थे। इस वीडियो की सत्यता से पता चला है कि यह वीडियो ब्रिटिश गीतकार लुई टॉमलिंसन के प्रशंसकों का है, जो उसे देखकर अपना आपा खो देते हैं और कलाकार की एक झलक पाने के लिए उसकी ओर भाग रहे हैं।

## मैंने लड़ाई क्यों नहीं की? सलमान रुश्दी ने अपनी किताब 'नाइफ' में किया 2022 में हुई भयावह घटना का जिक्र

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** ब्रिटिश-अमेरिकी लेखक सलमान रुश्दी ने अपने नए संस्मरण नाइफ़ में 2022 में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में एक घातक छुरा घोंपने की घटना का जिक्र किया है, जिससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। उस दौरान उनका इलाज कैसे हुआ था इसकी जानकारी इस किताब में दी गई है। बता दें कि सलमान रुश्दी की ये किताब स्टोर्स में आज उपलब्ध कर दी गई है। भारतीय मूल के लेखक, न्यूयॉर्क में रहने वाले मूल अमेरिकी, को तब से जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है, जब उनके 1988 के उपन्यास द सेटेनिक वर्सेज को ईरान के सर्वोच्च नेता ने ईशनिंदा घोषित कर दिया था, जिससे रुश्दी मुक्त भाषण का वैश्विक प्रतीक बन गए। लेकिन कई सालों के बाद, एक चाकूधारी हमलावर न्यूयॉर्क राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में एक कला सभा में मंच पर कूद गया था और उसने रुश्दी की गर्दन और पेट पर कई बार वार किए थे। इस हमले में रुश्दी ने दाहिनी आँख खो दी थी। द गार्जियन अखबार द्वारा जारी पुस्तक अंश के अनुसार, रुश्दी लिखते हैं, मैंने लड़ाई क्यों नहीं की? मैं भाग क्यों नहीं गया? मैं बस पिनाटा की तरह वहां खड़ा रहा और उसे मुझे मारने दिया।



तेहरान ने हमलावर के साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है। तेहरान ने कहा कि इस घटना के लिए केवल रुश्दी दोषी है, जो अब 76 साल के हैं। संदिग्ध (तब 24) ने हत्या के प्रयास के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है। न्यूयॉर्क पोस्ट के साथ एक इंटरव्यू में कथित हमलावर, जिसके माता-पिता लेबनान से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए थे, ने कहा कि उसने द सैटेनिक वर्सेज के केवल दो पृष्ठ पढ़े हैं लेकिन उसका मानना ??है कि रुश्दी ने इस्लाम पर हमला किया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करने वाले समूह पीईएन अमेरिका की मुख्य कार्यकारी सुजैन नोसेल ने कहा कि उस भयानक दिन के बाद से... हम इस कहानी का इंतजार कर रहे हैं कि सलमान के संभावित हत्यारे आखिरकार उन्हें कैसे पकड़ पाए। उन्होंने कहा, एक मास्टर कहानीकार, सलमान ने अब तक इस कथा को अपने पास रखा है, जिससे हमें दूर से उनके साहस पर आश्चर्य होता है। नाइफ की रिलीज से पहले सीबीएस कार्यक्रम 60 मिनट्स के साथ एक साक्षात्कार में, रुश्दी ने बताया कि हमले से दो दिन पहले उन्होंने एक एम्फीथिएटर में चाकू मारे जाने का सपना देखा था - और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर विचार किया। उन्होंने कहा, और फिर मैंने सोचा, मूर्ख मत बनो। यह सिर्फ एक सपना है। उन्होंने किताब में यह भी लिखा है कि उन्हें इस कार्यक्रम के लिए उदारतापूर्वक भुगतान किया जाना था, वह पैसा जिसे उन्होंने घर की मरम्मत के लिए उपयोग करने की योजना बनाई थी। रुश्दी को उन लेखकों की सुरक्षा के बारे में बात करने के लिए आमंत्रित किया गया था जिनकी जान को खतरा है। उन्होंने साक्षात्कारकर्ता से कहा, यह मेरे लिए सुरक्षित स्थान नहीं है।


## वजन घटाने की नकली दवाएं बेच रहीं 250 वेबसाइट बंद, साइबर सिक्योरिटी फर्म ब्रैंडशील्ड ने की बड़ी कार्रवाई

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** वजन घटाने और मधुमेह रोकने के नाम पर नकली दवाएं बेचने वाली 250 से अधिक वेबसाइट को बंद कर दिया गया है। साइबर सिक्योरिटी फर्म ब्रेडशील्ड ने जीएलपी 1 वर्ग में यह कार्रवाई की। कंपनी के सीईओ योन केरेन ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और बाजार से जुड़ी 6,900 से अधिक अवैध दवाइयां हटाई गई हैं। इसमें भारत में 992, इंडोनेशिया में 544, चीन में 364 और ब्राजील में 114 दवाएं शामिल हैं। मोटापा घटाने का दावा करने वाली कंपनियों के बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका सहित कम से कम नौ देशों में ओजेम्पिक व अन्य जीएलपी-1 के नकली संस्करणों से जुड़े घातक प्रभाव सामने आए हैं। जीएलपी-1 यानी ग्लूकागन जैसा पेप्टाइड-1 एमिनो एसिड पर आधारित पेप्टाइड हार्मोन है, जो कुछ न्यूरॉन्स की ओर से मस्तिष्क को संदेश भेजता है और भूख को नियंत्रित करता है।

## पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर चुनाव से पहले मंडरा रहे संकट के बादल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा सोमवार को शुरू हो गया, जिससे वह अमेरिकी इतिहास में आपराधिक मामले का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए, जिससे नवंबर में होने वाले चुनाव में उनकी उम्मीदवारी को लेकर कई सवाल खड़े हो गए।

दुनियाभर में रुचि के साथ देखे गए एक मुकदमे में ट्रंप को एक पोर्न अभिनेत्री को यौन संबंध बनाने के आरोपों के बारे में चुप कराने के लिए अपनी कंपनी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर उसे पैसे देने के आरोप में आपराधिक सजा और जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप की डेमोक्रेट राष्ट्रपति जो बाइडेन पर मामूली



बढ़त है। चुनाव से सात महीने पहले उन्हें मैनहट्टन कोर्ट रूम में सप्ताह में चार दिन पेश होना पड़ेगा। इस मुकदमे में भले ही उन्हें दोषी ठहराया जाए, मगर उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने और चुने जाने से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि संविधान आपराधिक सजा वाले उम्मीदवार पर मौन है।

मैनहट्टन मामला संभवत~ चुनाव से पहले सुनवाई के लिए आने वाला एकमात्र आपराधिक मामला होगा, क्योंकि जॉर्जिया में चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला दूसरा मामला जो तेजी से आगे बढ़ रहा था, आरोपों के कारण अटक गया है। अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ हितों का टकराव पैदा करने के मामले में मुकदमा चलाने में मदद के लिए एक ब्यॉयफ्रेंड को करदाताओं को 650,000 डॉलर देने की कीमत पर काम पर रखा था।ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी, 2021 के दंगों के कारण चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला संघीय आपराधिक मामला भी लंबित है। यह मामला उस समय का है, जब कांग्रेस को बाइडेन के चुने जाने की पुष्टि करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने कैपिटल में तोड़-फोड़ की थी। सुप्रीम कोर्ट को अब राष्ट्रपति पद के उनके दावों पर फैसला करना है।उनके खिलाफ एक और लंबित संघीय आपराधिक मामला वर्गीकृत दस्तावेजों को नष्ट करने को लेकर है।ट्रंप ने अदालत कक्ष में प्रवेश करने से पहले कहा ~ यह राजनीतिक उत्पीड़न है, यह ऐसा उत्पीड़न है जैसा पहले कभी नहीं हुआ, किसी ने भी ऐसा कभी नहीं देखा है। अभियोजकों ने कहा है कि अभियोजन केवल यह दर्शाता है कि लोकतंत्र में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।वह जब निजी गुप्त सेवा गार्डों के साथ एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन में पहुंचे, तो बाहर उनका समर्थन करने वाले और उनका विरोध करने वाले लोग चिल्लाते हुए वहां जमा हो गए।अदालत कक्ष के अंदर ट्रंप अपने वकीलों के साथ एक मेज पर बैठे। उन्होंने अंतिम समय में न्यायाधीश जुआन मर्चन पर पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए उन्हें खुद को सुनवाई से अलग करने के लिए कहा।मर्चन के साथ ट्रंप की कई झड़पें हुई हैं, उन्होंने मांग ठुकरा दी और मुकदमे को आगे बढ़ाया।मैनहट्टन के उप लोक अभियोजक जोशुआ स्टीनग्लास ने ट्रंप के खिलाफ मामलों की दोबारा गिनती शुरू की। उन्होंने कहा कि कुल 34 आरोप हैं। उन्होंने बचाव पक्ष के वकीलों के साथ बातचीत की कि विवादों पर मर्चन के सामने कौन से सबूत पेश किए जा सकते हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक:- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पता:- 435 ऑर्बिट मॉल विजय नगर, इंदौर मध्यप्रदेश मो:- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वंय जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।